सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 175



12 चुनौतियां के बीच सियासी पिच पर सधी बल्लेबाजी कर रहे हेमंत



# हैरतअंगेज करतब के साथ डॉग शो का शानदार आगाज

■ अपने करतब से टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के डॉग्स ने जीता दिल

खबर मन्त्र ब्यूरो








**जमशेदपुर।** यहां लोयला स्कूल ग्राउंड में 71वां 72वां और 73वां डग शो चौंपियनशिप का शानदार आगाज हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में टाटा स्टील लिमिटेड के सीइओ टीवी नरेंद्रन और विशिष्ट अतिथि के रुप में कंपनी की स्वतंत्र निदेशक श्रीमती भारती सिंह रमोला और फरीदा खंबाटा उपस्थित थीं। चैम्पियनशिप का शुभारंभ जमशेदपुर कैनेल क्लब और कैनल क्लब ऑफ इंडिया का झंडा फहरा कर मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसके बाद टाटा स्टील कैनल क्लब के डॉग्स एवं हैंडलर ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जबकि एक डॉग ने फूलों से भरी डलिया मुख्य अतिथि को भेंट की।

इस बार चैम्पियनशिप शो में देशभर से 43 ब्रीड के कुत्तों की 430 एंट्रियां हुई है। तीन दिनों तक चलने वाले इस डग शो में सभी कुत्तों के अनुशासन, उनकी नस्ल और उनके व्यवहार की जांच होगी। जमशेदपुर डॉग शो चैम्पियनशिप की पूरे देश में है प्रतिष्ठा : नरेंद्रन

शुक्रवार सुबह टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि डॉग शो जमशेदपुर शहर के वार्षिक कैलेंडर में आयोजित होने वाला मुख्य कार्यक्रम है। इस तरह के शो में हमें कुत्तों के स्वभाव को समझने और उनके नजदीक जाने का मौका मिलता है। पूरे देश में जमशेदपुर का डॉग शो काफी नाम है। कोविड-19 के दो साल के बाद यहां हमारे शहर में पिछली बार की तुलना में सबसे ज्यादा 430 डग्स की एंट्री हुई है। मुझे खुशी है इस आयोजन में देश भर के नौजवान अपने डॉग्स के साथ शामिल हो रहे हैं। हम डॉग लवर्स से आग्रह करते हैं कि वे इस आयोजन में आएं और इसका लुफ्त उठाएं।

**परेड कर डॉग्स ने अतिथियों का जीता दिल :** इस अवसर पर टाटा स्टील और टाटा मोटर्स कैनल क्लब के कुत्तों ने अपने हैंडलर्स के साथ मार्च पास्ट किया। बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए सभी कुत्ते मुख्य अतिथि के सामने सलामी देते हुए गुजरे। इसके बाद टाटा स्टील और टाटा मोटर कैनल क्लब के कुत्तों ने अपने अनुशासन का परिचय दिखाते हुए रोलिंग जम्प, रोल्ड आउट, डिस्क थ्रो कैचिंग सहित कई अन्य विधाओं पर करतब दिखाए। इसके अलावा एक कुत्ते ने एक दीवार को भी तोड़कर अपने कुशलता का परिचय दिया जिसे देख कर खूब तालियां भी बजी।

## स्पीड न्यूज

### वेबसाइट से छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के वेबसाइट के साथ छेड़छाड़ करके अश्लील वीडियो डालना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के सुस्ती की ओर इंगित करता है क्योंकि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों पदाधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी इस पर कोई कड़ी कार्रवाई न होना है यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### बरगढ़ के कुल्ही में जन कल्याण केंद्र का उद्घाटन

**गढ़वा।** बरगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टेहरी के कुल्ही में एसपी अंजनी कुमार झा ने जन कल्याण केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर कैंप आयोजित कर विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मनरेगा के तहत 20 लोगों को जब कार्ड वितरित की गई एवं 10 योजनाएं स्वीकृत की गई।

### गढ़वा के किसान मित्रों की बैठक आयोजित

**गढ़वा।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड कार्यालय के कृषि कार्यालय में किसान मित्रों की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड बीटीएम राकेश कुमार बैठा ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान ऋण माफी योजना के तहत सभी किसानों के ऋण माफ कर सरकार ने ऋण मुक्त करने का फैसला लिया है। जिन किसानों को राज्य सरकार द्वारा 49 हजार रूपए तक केसीसी ऋण दिया गया है, उन सभी किसानों का ऋण माफ करने के लिए बिशुनपुरा प्रखंड के षि कार्यालय में 10 जनवरी को कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**गढ़वा।** शहर के सहिजना स्थित हनुमान नगर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायतशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गढ़वा नगर पंचायत अध्यक्ष पिंकी केषरी, नेहरू युवा केंद्र के डीजी नोमनी रामाशीष तिवारी, युवा समाजसेवी रितेश चौबे ने किया। मौके पर नप अध्यक्ष ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा युवाओं के लिए काफी सराहनीय कार्य कर रही है। इसलिए आप लोग इस संस्था से जुड़कर सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।

### साउथ प्वाइंट व स्कूल ब्राइट फ्यूचर सेफा में

**गढ़वा।** शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 15वें दिन सीनियर वर्ग में खेले गए दो क्वार्टर फाइनल मैच में साउथ प्वाइंट ने ज्ञान निकेतन कन्वेंट स्कूल को आठ विकेटों से वहीं दूसरे मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने बीएनटी संत मैरी को सात विकेटों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में मात्र 55 रन बनाए। साउथ प्वाइंट की ओर से आकाश ने तीन विकेट लिए।

### सुपर 30 आवासीय कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत शिवसागर डोमचांच के रूपडीह में सुपर 30 आवासीय कोचिंग सेंटर का उदघाटन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख व झुमरीतिलैया नगर उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता, समाजसेवी लीलावती मेहता मौजूद रहे। इस दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि यह सुपर 30 आवासीय बालिका कोचिंग जिले में बच्चियों के उज्वल भविष्य गढ़ने में एक मील का पत्थर साबित होगा। कोडरमा क्षेत्र वासियों को घर से दूर स्थित आवासीय संस्थान में अपने बच्चियों को जरूर भेजना चाहिए। वहीं मंच का संचालन सुनील कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष सिन्हा ने किया। मौके पर प्रकाश अंबेडकर, वार्ड पार्षद श्रेया राज आदि थे।

# टाटा स्टील में सात वर्षों तक ड्यूटी करने के बाद बेल्जियम शेफर्ड ब्यूटी रिटायर

➲ टाटा स्टील आजीवन ब्यूटी को देगी रिटायरमेंट बेनीफिट

सत्येन्द्र कुमार

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील में 7 वर्षों की ड्यूटी करने के पश्चात बेल्जियम शेफर्ड ब्यूटी आज से विधिवत रिटायर हो गई। ब्यूटी अभी 12 वर्ष की है और केनल क्लब आफ इंडिया के गाइड लाइन के अनुसार ब्यूटी को टाटा स्टील में अब 8 घंटे की पेट्रोलिंग ड्यूटी नहीं करनी होगी और उसे रिटायरमेंट बेनिफिट का लाभ मिलेगा।

आज डग शो के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एवं टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने ब्यूटी और उसके हैंडल केके सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं इनाम देकर सम्मानित किया। जमशेदपुर कैनल क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने इस अवसर पर ब्यूटी को आकर्षक उपहार भरी टोकरी और हैंडलर के के सिंह को नगद इनाम राशि सौंपी।

टाटा स्टील के चीफ प्रोडक्ट एप्लीकेशन एवं कैनल क्लब के सचिव सुदीप्तो सरकार ने खबर मंत्र को बताया, ब्यूटी को पूर्व की तरह खानपान का खर्च,उसकी देखभाल के लिए हैंडलर, चिकित्सा सुविधा और घुमाने -पुराने की सुविधा दी जाएगी।

ब्यूटी एक बेहद प्यारी डॉग है। जमशेदपुर में जब भी आज्ञाकारी डॉग्स की चर्चा होगी तो उसमें ब्यूटी का नाम पहले लिया जायेगा। उसने देश में आज्ञाकारिता की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर कई इनाम जीते हैं। टाटा स्टील के पास अभी 26 इंडस्ट्रियल डॉग हैं जिसमें 22 बेल्जियम शेफर्ड है जो अपने हैंडलर के साथ रोजाना 8 घंटे की पेट्रोलिंग ड्यूटी करते हैं।


ब्यूटी के साथ विदाई अवार्ड ग्रहण करते हैंडलर केके सिंह।

जमशेदपुर कैनल क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रुचि नरेंद्रने ने कहा कि इन डॉग्स की आज्ञाकारिता ,वफादारी और टाटा स्टील में पेट्रोलिंग को देखते हुए मैं प्यार से उन्हें कंपनी का ऑफिसर भी करती हूं।

कैनल क्लब ऑफ इंडिया के गाइडलाइंस के अनुसार इंडस्ट्रीयल डॉग्स को समय पर रिटायर करना और उन्हें ताउम्र रिटायरमेंट बेनीफीट देना जरुरी है। टाटा स्टील और टाटा स्टील कैनेल डिपाटमेंट इस गाइडलाइन का इमानदारी से पालन करता है। श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने पोस्ट रिटायरमेंट सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया, मैंने टाटा स्टील प्रबंधन के सहयोग से टाटा सिल कैनल क्लब में रिटायर्ड डग के लिए 25 यूनिट क्षमता वाले आवासीय परिसर का व्यवस्था करायी है। अभी टाटा स्टील के पास ब्यूटी समेत चार डॉग्स ऐसे हैं जो अपनी सेवानिवृत्ति का जीवन जी रहे हैं।

### अपने सेवा काल में ब्यूटी ने जीते हैं इतने अवार्ड

- ब्यूटी टाटा स्टील में अपनी सेवा देने के दौरान 2016 में बेस्ट ओबेडिएंस डॉग इन इंडिया,ओबेडिएंस डॉग ऑफ द ईयर
- वर्ष 2017 में बेस्ट ओबेडिएंस डॉग इन इंडिया ओबेडिएंस डग अफ ईयर
- 2018 में सेकंड बेस्ट ओबेडिएंस डॉग इन इंडिया और रिजर्व ओबेडिएंस डग ऑफ द ईयर का खिताब जीत चुकी है।
- 2019 में ब्यूटी कोर्स सेकंड बेस्ट ओबेडिएंस डॉग और रिजर्व बेस्ट ओबिडियंस डॉग ऑफ द ईयर का खिताब मिला है।
- 2020 में ब्यूटी ने बेस्ट ओबेडिएंस डॉग इन इंडिया और ओबेडिएंस डॉग ऑफ द ईयर का खिताब जीता।
- इतने सारे खिताब जीतकर ब्यूटी ने टाटा स्टील केनल का नाम पूरे देश में रोशन किया है और उसके रिटायरमेंट होने से आज पूरा डिपार्टमेंट दुखी था। साथ ही उनका संकल्प था की ब्यूटी को आजीवन बेहतर देखभाल और रखरखाव कैनल करेगा।

## कठिन दौर में सफलतापूर्वक निबटने का नाम है मैनेजेरियल स्किल : टीवी नरेंद्रन

खबर मन्त्र ब्यूरो



दीक्षांत समारोह को संबोधित करते टीवी नरेंद्रन।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को एक्सएलआरआइ में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया.जिसमें टाटा स्टील के उन सभी कर्मचारियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया, जिन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम ( 2021-2022 ) में हिस्सा लिया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा स्टील व एक्सएलआरआइ दोनों में एक चीज कमन है कि दोनों का बेस जमशेदपुर है। टाटा स्टील के कर्मचारियों को बेहतर मैनेजेरियल स्किल सिखा कर अपग्रेड करने में एक्सएलआरआइ अहम भूमिका निभा रहा है।

## टाटा स्टील की स्वतंत्र निदेशक भारती सिंह रमोला और फरीदा खंबाटा पहुंची जमशेदपुर

■ जमशेदपुर प्लांट और नोवामुंडी माइंस का किया भ्रमण
■ डॉग लवर हैं फरीदा खंबाटा, डॉग शो देख कर हुई प्रभावित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में दो महिला निर्देशकों को स्थान मिला है। यह महिला निदेशक हैं भारतीय सिंह रमोला और फरीदा खंबाटा। कंपनी में अपने इंडक्शन प्रोग्राम के तहत भारती सिंह रमोला और फरदा खंबाटा जमशेदपुर के दो दिवसीय दौरे पर थी। इस दौरान उन्होंने टाटा स्टील के प्लांट का भ्रमण किया कंपनी के सामाजिक दायित्व वाले कार्यक्रमों का अवलोकन किया और बोर्ड रूम में कंपनी के सीईओ टीवी नरेंद्रन और उनकी टीम से भेंट की। दोनों महिला निर्देशकों ने नोआमुंडी आयरन ओर माइंस का भी दौरा किया और इसके पश्चात आज सुबह उन्होंने जमशेदपुर डॉग शो को अपनी आंखों से देखा। जमशेदपुर भ्रमण के पश्चात वे कलिंगानगर रवाना हो गईं।


वीपी चाणक्य चौधरी के साथ डॉग शो देखतीं निदेशक फरीदा खंबाटा और श्रीमती रमोला।

## ओल्ड कोर्स की परीक्षा तिथि की घोषणा जल्द करे विश्वविद्यालय : श्रवण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह के नेतृत्व में एके सिंह डिग्री कॉलेज के दर्जनों छात्रों ने प्रतिकुलपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि ओल्ड कोर्स सत्र (2016- 19) और (2017- 20) की परीक्षा जल्द से जल्द कराई जाए। छात्र नेता श्रवण सिंह ने बताया कि ओल्ड कोर्स का परीक्षा फॉर्म पिछले वर्ष जुलाई के महीने में ही भरवाया जा चुका है, लेकिन 6 महीने के लंबे अंतराल में बाद भी विश्वविद्यालय ने अभी तक परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। इससे छात्रों में काफी आक्रोश है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रहा है। 6 महीने होने को हैं इसके बाद भी अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है, इससे यह साफ झलकता है की विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के प्रति उतरदायी नहीं है। प्रतिकुलपति ने कहा कि संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करेंगे और जल्द से जल्द परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी।

## न्यायिक कार्य से अलग रहे अधिवक्ता, दिखा व्यापक असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस लेने, अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के निर्देश पर पलामू जिले के अधिवक्ता शुक्रवार को न्यायिक कार्य से अलग रहे। इससे विभिन्न न्यायालयों में लंबित दो हजार से अधिक मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी।जमानत, अग्रिम जमानत , गवाही,बयान,बहस का कार्य पूर्णतः ठप रहा।

विदित हो कि न्यायालय में प्रत्येक दिन की भांति आज भी सभी न्यायाधीश न्यायालय में बैठे परंतु अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण पक्षकारों का काम नहीं हो सका।


पलामू जिले के अधिवक्ताओं ने चट्टानी एकता का परिचय देते हुए न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखा। विदित हो कि पलामू जिले में 500 से अधिक अधिवक्ता प्रैक्टिशनर हैं। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्यायालय में सन्नाटा पसरा रहा। इस संबंध में अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि पलामू जिले के अधिवक्ताओ ने चट्टानी एकता का परिचय देते हुए सरकार के नीति का विरोध किया है।

## जनता दरबार : पलामू उपायुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया।

जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में रामगढ़ थाना क्षेत्र से आये ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष राशन डीलर प्रमोद प्रसाद का डीलर लाईसेंस रद्द कर अति शीघ्र नया डीलर चयनित करने का अनुरोध किया। इसी तरह जनता दरबार में पांडु थाना क्षेत्र के करमडीह निवासी कृष्ण मुरारी सिंह ने उपायुक्त के समक्ष शस्त्र अनुज्ञप्ति प्रदान करने तथा जान माल की सुरक्षा करने का गुहार लगाया।


जनता दरबार में मामले की जानकारी लेते पलामू उपायुक्त।

इसी तरह अम्बेडकर नगर के वार्ड नंबर 19 के निखिल कुमार ने बहन की शादी की वजह से कॉलेज की फीस न भर पाने के कारण जनता दरबार मे उपायुक्त से मदद की गुहार लगाया। इसी तरह हुसैनाबाद प्रखंड की ग्राम पंचायत महूडण्ड के मुखिया मिना देवी ने उपायुक्त के समक्ष अपने पंचायत क्षेत्र में पेयजल एवमं सिंचाई के संकट की शिकायत करते हुए भूमि संरक्षण विभाग द्वारा डीप बोरिंग एवमं परकोलेशन टैंक अधिष्ठापन कराने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने आदि से सबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### अंगिका जागृति संघ का वनभोज आठ जनवरी को



**जमशेदपुर।** अंगिका जागृति संघ के द्वारा आगामी 8 जनवरी को सिद्गोड़ा टाउन हॉल मैदान में अंगिका जागृति संघ का पारिवारिक मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर अंगिका भाषी 7000 से अधिक लोगों का जुटान होगा। वनभोज में अंगिका समाज का लोकप्रिय कतरनी चु ड़ा-दही और भूरा का लोग लुत्फ उठायेंगे । साथ ही शाकाहारी और मांसाहारी ब्यंजनों का स्वाद अंगिका भाषी लेंगे। इस अवसर पर अंगिका भाषा के कलाकार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। अपने सर्किट हाउस एरिया स्थित आवास पर उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष कौशल सिंह ने कहा कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी अंगिका जागृति संघ अपना पारिवारिक मिलन समारोह बड़े धूमधाम से आगामी 8 जनवरी को सिद्धगोरा टाउन हॉल मैदान, सिद्धगोरा में मनाने जा रहा है। महासचिव शिवशंकर सिंह ने कहा के इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महागामा की विधायिका श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, कटोरिया की विधायिका श्रीमती निक्की हेंब्रम, कहलगांव के विधायक श्री पवन यादव अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे ।संघ के मुख्य संरक्षक श्री अरविंद सिंह एवम रविंद्र झा ने अंगिका समाज के सभी से अपील की इस पारिवारिक मिलन समारोह में पहुंच कर एकजुटता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाए। प्रेस वार्ता में रणवीर सिंह, शशिभूषण सिंह, डा पारितोष सिंह, अंकुर सिंह,सतीश प्रसाद सिंह,ऋतुराज सिंह, राजीव सिंह, रितेश झा,गुड्डू सिंह, नीरज सिंह, शिबू सिंह,संजय सिंह, कुंदन सिंह, दिलीप पोद्दार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जमशेदपुर में 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में आत्महत्याओं में आयी कमी

**जमशेदपुर।** आत्महत्या निवारण केंद्र जीवन संस्था जमशेदपुर के संस्थापक डाक्टर महावीर राम और निदेशक डाक्टर जीवराज जैन का कहना हैं कि जीवन संस्था के अथक अविरल प्रयास से कोविड के कारण आम जनता के मानसिक स्वास्थ्य पर असंतुलन का प्रभाव रहते हुए भी जमशेदपुर शहर में आत्महत्या की संख्या मे कमी आयी हैं। वर्ष 2021 मे आत्महत्याओं की कुल संख्या 255 थी, जो पिछले वर्ष 2022 मे घट कर 206 तक पहुंची। जिसमे पुरूष 148 एवं महिलाएं 58 है। 49 आत्महत्याओं (19 प्रतिशत) में कमी आयी हैं, जबकि जमशेदपुर की जनसंख्या मे वृद्धि रही हैं। 2021 मे 1,63,0000 थी वो 2022 मे बढकर 1,66,1000 हो गयी। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डा.राम और डा. जैन ने आशा व्यक्त किया की अगर जमशेदपुर की जनता का इसी तरह सहयोग मिलता रहे तो जीवन संस्था अपनी नि:शुल्क और अति गोपनीय भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य मे उत्तरोत्तर सफल होती रहेगी। उन्हांने कहा कि विश्लेषणात्मक गणना के अनुसार हर 5 मे से 1 व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान है। जमशेदपुर की जनसंख्या को ले तो लौह नगरी मे करीब 3,32,200 व्यक्ति मानसिक रूप से व्यथित होने चाहिए। किन्तु केवल 769 व्यक्ति ही जीवन संस्था से सम्पर्क कर पाये हैं। इसका कारण स्पष्ट है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुडी स्टिगमा (कुख्यातिभय) एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व का आवश्यक ज्ञान का अभाव। संस्था की उप-निदेशक दुर्गा राव ने भी जमशेदपुर की जनता से अनुरोध किया हैं कि किसी को भी किसी भी तरह का मानसिक परेशानी हो अविलम्ब जीवन संस्था से सम्पर्क करे। यह बात अवश्य याद रखे कि जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है उसी तरह या उससे कही अधिक मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। मनुष्य स्वास्थ्य तभी माना जायगा जब वह मानसिक एवम शारीरिक दोनो रूपो से द्दढ हो। विशेषग्यो का कहना है 60 प्रतिशत शारीरिक बीमारियो का संबंध मूल रूप से मानसिक बीमारियो से जुडा होता हैं। अगर मूल समस्या का निदान समय पर हो तो अनेक शारीरिक बीमारियो से छुटकारा पाया जा सकता। जीवन संस्था बिष्टुपुर कार्यालय का नंबर 9297777500/ 9297777499 हैं, जो रोज सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहता हैं।

### कोटखास पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कोट खास पंचायत पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत के मुखिया जुली सिंह मौके पर स्थानीय लोगों ने ग्राम सभा के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाएं को चयनित किया गया। जिससे मुखिया जुली सिंह ने प्राथमिकता के अनुसार एक एक कर पंचायत के काम करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिस उद्देश्य के साथ पंचायत के लोग उन्हें मुखिया बनाया है उन्हें विश्वास पर खरा उतर पंचायत का समुचित विकास करेंगे। लोगों के विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। मुखिया ने आम जनता से पंचायत के विकास कार्य में सहयोग करने की अपील किया है। मौके पर राजन सिंह, पंचायत पंचायत सेवक सूचित राम, मोहमद हसन ,रामप्रवेश सिंह, राधा सिंह, रजनीश सिंह, विजय सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज सिंह, राकेश सिंह, पंचम सिंह, वशिष्ट पासवान, सुधीर पासवान ,अक्षय पासवान, पंकज साव, निरंजन भुइयां, रामजी मिस्त्री, राजेंद्र मिस्त्री, शुकन मियां, ज्ञानू राय, आशीष मेहता, मिट्ठू राम, गिरजा राम, चिंटू दुबे, मुन्ना दुबे सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### मुखिया ने राउमवि बदौलिया के बच्चों को दी पोशाक



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पोलडीह पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में मुखिया संजू देवी ने वर्ग एक एवं दो के कुल 44 बच्चों के बीच दो सेट नये पोशाक,जूता-मोजा एवं स्वेटर वितरित किया। इसके पूर्व विद्यालय की संयोजिका अनीता देवी ने मुखिया श्रीमती संजू देवी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने किया।

# ग्रीन हाइड्रोजन से उम्मीद

केंन्द्र रकार ने 19,744 करोड़ रुपये के व्यय के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी। इस पहल का मकसद देश को ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोत के उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है। मिशन के लिये शुरूआती खर्च 19,744 करोड़ रुपये है। इसमें ग्रीन हाइड्रोजन की तरफ बदलाव को रणनीतिक हस्तक्षेप (साइट) कार्यक्रम के लिये 17,490 करोड़ रुपये, पायलट परियोजनाओं के लिये 1,466 करोड़ रुपये, अनुसंधान एवं विकास के लिये 400 करोड़ रुपये तथा मिशन से जुड़े अन्य कार्यों के लिये 388 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय योजना के क्रियान्वयन को लेकर दिशानिर्देश तैयार करेगा। मिशन के तहत 2030 तक देश में लगभग 1,25,000 मेगावॉट की संबद्ध नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ प्रतिवर्ष कम-से-कम 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश और 2030 तक छह लाख से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। साथ ही इससे जीवाश्म ईंधन (कच्चा तेल, कोयला आदि) के आयात में एक लाख करोड़ रुपये तक की कमी आने का अनुमान है। इसके अलावा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मिशन से कई लाभ होंगे। इसमें ग्रीन हाइड्रोजन और इससे संबद्ध उत्पादों के लिये निर्यात अवसरों का सृजन, उद्योगों, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन में कमी, आयातित जीवाश्म ईंधन में कमी, देश में विनिर्माण क्षमता का विकास, रोजगार के अवसर सृजित होना और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का विकास शामिल है।

# पर्यावरण की चिंता

दुनिया के करीब सवा सौ देश ब्रिटेन के ग्लासगो शहर में जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के उपायों पर विचार करने को एकत्र हुए हैं। संकट की विभीषिका को महसूस करते हुए कॉनफ्रेंस ऑफ पार्टीज नामक सम्मेलन होगा जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत शीर्ष नेता शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में पेरिस समझौते के क्रियान्वयन और आगे की रणनीति पर विचार होगा। दरअसल, पेरिस सम्मेलन में दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने हेतु वैश्विक तापमान को 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिये देशों ने अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लक्ष्य निर्धारित किये थे। लेकिन इससे वैश्विक लक्ष्य प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलती नजर नहीं आती क्योंकि यूएन के मुताबिक सदी के अंत तक दुनिया का तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अनुमान है कि ग्लासगो में दुनिया के भविष्य को बचाने के लिये वैश्विक तापमान वृद्धि दर को 1.5 निर्धारित करने की मांग उठेगी, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जा सके। देशों को वह वर्ष बताना होगा जब उनका कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा। दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक चीन वर्ष 2060 तथा दूसरा बड़ा कार्बन उत्सर्जक अमेरिका ने 2050 कार्बन न्यूट्रल होने की बात कही है। भारत जैसे देशों के लिये सम्मेलन चुनौती पेश करेगा क्योंकि इसमें बिजली उत्पादन में कोयले की निर्भरता खत्म करने पर बल दिया जायेगा। भारत, चीन व अमेरिका इसका सर्वाधिक उपयोग करते हैं। यूएन की अंतर सरकारी समिति ने दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिये कोयले पर निर्भरता को 2050 तक खत्म करने को कहा है। भारत पर भी दबाव बढ़ेगा।

# चुनौतियां के बीच सधी बल्लेबाजी कर रहे हेमंत



**झारखंड** में हेमंत सोरेन नेतृत्व की महागठबंधन सरकार प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के तगड़ी फिल्डिंग के बावजूद बीते वर्ष 2022 के दिसंबर में अपने तीन वर्ष पूरे कर चुकी है। आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई से उपजी झारखंड मुक्ति मोर्चा को पहली बार कायदे से सत्ता का स्वाद चखने का मौका मिला है। इसी का नतिजा है कि हेमंत सोरेन बीते तीन साल के कार्यकाल में पावर एक्सरसाइज के बदौलत झारखंड के राजनीति पिच पर शानदार बैटिंग कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके है। राजनीति जानकारों का मानना है कि हेमंत सोरेन का मिजाज अपने पुराने तेवर में रहा तो वर्ष 2023 में भी राज्य के राजनीति पीच पर शानदार बैटिंग करते हुए प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को करारा जवाब देने में कामयाब रहेंगे।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि हेमंत सोरेन के लिए 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा के लिए वर्ष 2023 तैयारियों की दृष्टि से हेमंत सोरेन के लिए बेहद अहम साबित होनेवाला है। सत्ता के बदौलत वर्तमान समय में राज्य की जनता के बीच झामुमो की जो छवि बनी है उसके आधार पर भविष्य के लिए अच्छे स्कोर की संभावनाएं जरूर दिख रही है।

**भाजपा की तगड़ी फिल्डिंग फेल**

वर्तमान समय में जनता के बीच हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा तगड़ी फिल्डिंग सजाने की तैयारियों में जुटी है और मौका पाते ही वह झामुमो की मौजूदा जमीन खिसका सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार अमित शाह का 06-07 जनवरी का झारखंड दौरा कुछ इसी बात का संकेत दे रहा है कि वह अपने रणनीति के तहत पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं में एक नाया जोश का संचार कर झामुमो को शिकस्त दे सके। अमित शाह का यह झारखंड दौरा झामुमो के ताबूत में कितना कील ठोकने में कामयाब होता है यह तो भविष्य के गर्भ में है। इस पर कुछ भी कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

2024 के चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के पूर्व ही भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल राज्य के कई इलाकों का दौरा कर पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर जनता का मिजाज भांपने का काम कर चुके है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 2024 के चुनाव को लेकर अभी से ही भाजपा की सांगठनिक तैयारी झामुमों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकती है। हालांकि झामुमो की केंद्रीय कमेटी के वरिष्ठ नेता और मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य कहते हैं कि अमित शाह चाहे राज्य के हर प्रमंडल और जिले का दौरा कर लें, वह झारखंड में हाशिए पर पहुंच चुकी पार्टी को नहीं उबार पाएंगे। वह बताते हैं कि झामुमो के लिए वर्ष 2023 संकल्प का वर्ष होगा। संकल्प इस बात का कि 2024 में झारखंड को भाजपा से मुक्त करा दिया जाएगा।



-सत्येन्द्र

> झामुमो की ये अब तक की सबसे लंबी चलने वाली सरकार है। साथ यह भी सच है कि इस सरकार के मुखिया को अपने राजनीतिक जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। इडी पूछताछ, खनन पट्टा मामले में चुनाव आयोग से लेकर अदालतों तक में सुनवाई,, राजभवन से टकराव जैसे प्रकरण के चलते वह कई बार गंभीर मुश्किलों में घिरते दिखे। इसके बावजूद वह सियासी मोर्चे पर शानदार बैटिंग कर भाजपा को चुनौती देते रहे।

**2019 में सभी को चौकाया**

2019 जेएमएम ने राज्य की 81 में से 30 विधानसभा सीटों पर कब्जा किया और कांग्रेस एवं आरजेडी के साथ मिलकर कुल 47 सीटों के साथ गठबंधन की सरकार बनाई। 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य के निर्माण से लेकर अब तक राज्य में पांच बार सत्ता की कमान झामुमो यानी सोरेन परिवार के पास आई। वर्ष 2005, 2008 और 2009 में शिबू सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने थे, जबकि 2013-14 में हेमंत सोरेन पहली बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। जेएमएम की अगुवाई वाली ये चारों सरकारें अल्पजीवी रहीं। साल-डेढ़ साल से ज्यादा कोई भी सरकार नहीं चली।

2019 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जेएमएम की अगुवाई में पांचवीं बार सरकार बनी और हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। जेएमएम की ये अब तक की सबसे लंबी चलने वाली सरकार है, लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को अपने राजनीतिक जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। इसके बावजूद उन्होंने सियासी मोर्चे पर शानदार बैटिंग कर भाजपा को चुनौती देते रहे।

**कानूनी चुनौतियों के बीच विजेता**

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि वर्ष 2023 में भी हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी के लिए कानूनी मोर्चे पर चुनौतियां बनी रहेंगी। खनन पप्ता, शिबू सोरेन की संपत्ति की जांच जैसे मामले अदालतों में हैं। मनी लांड्रिंग में ईडी की जांच में अभी कई पन्ने खुलने बाकी हैं। बीते 28 दिसंबर को पत्रकारों से बातचीत में हेमंत सोरेन कहा था कि इसमें कोई आ>र्य नहीं कि आने वाले दिनों में ईडी मुझे भी गिरफ्तार कर ले। षड्यंत्रकारी ताकतों ने जब मेरे पिता शिबू सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था तो मैं किस खेत की मूली हूं। लेकिन मैं ऐसे षड्यंत्रों से नहीं घबराता। आदिवासी के इस बेटे को डराने की कोई भी साजिश सफल नहीं होंगी। जब भाजपाई राजनीतिक तौर पर हमसे लड़ नहीं पा रहे तो हमारे पीछे ईडी-सीबीआई को लगा दिया गया है, लेकिन हमें अपने काम और जनता पर विश्वास है। हमने भाजपा को पहले ही राज्य में हाशिए पर पहुंचा दिया है।

**जनप्रिय फैसलों से बढ़ी लोकप्रियता**

दरअसल, यह सच है कि हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा बीते कुछ महीनों में लिए गए जनप्रिय फैसलों की बदौलत झामुमो ने राज्य में सियासी तौर पर कम्फर्ट बढ़त हासिल कर ली है। झारखंड में 1932 के खतियान (भूमि सर्वे) पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी, ओबीसी-एसटी-एससी आरक्षण के प्रतिशत में वृद्धि, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का विस्तार न देने की तीस वर्ष पुरानी मांग पर सहमति, राज्यकर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम, आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं के वेतनमान में इजाफा, पुलिसकर्मियों को प्रतिवर्ष 13 माह का वेतन, पारा शिक्षकों की सेवा के स्थायीकरण, सहायक पुलिसकर्मियों के अनुबंध में विस्तार, मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना की राशि पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख करने, पंचायत सचिव के पदों पर दलपतियों की नियुक्ति जैसे फैसलों से सरकार ने अपनी लोकप्रियता का सेंसेक्स बढ़ाया है। इसके बावजूद हेमंत सोरेन के सामने राजनीति के पीच पर ताबड़तोड़ बैटिंग करने के लिए अपनों को साधने की चुनौती होगी।

## खास बात

### जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता की जरूरत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**संपन्न** राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है?

इस बार ग्लासगो में होने वाले जलवायु-परिवर्तन सम्मेलन शायद क्योतो और पेरिस सम्मेलनों से ज्यादा सार्थक होगा। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें।

संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलने वाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बैटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साइड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए। इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे। ये राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं।

# वन गमन की आज्ञा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

श्री राम के वन गमन को लेकर आमसोच यह है कि पिता की आज्ञा से वे वन गये। लेकिन राम के मोह से आहत महाराज दशरथ इस स्थिति में नहीं थे कि कोई आज्ञा दे सके। प्रजा के सामने तो आज्ञा गुरु वशिष्ठ से ही ली और यही सच है। श्री राम अपने जीवन काल में दो बार ही अयोध्या से बाहर निकले हैं औरदोनों बार गुरु के आदेश से ही निकले हैं। पहली बार जब जनकपुर गये तो राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे लेकिन गुरु वशिष्ठ क समझाने के बाद तैयार हुए। दूसरी बार जब जंगल गये तो कैकेयी जी का नाम दिया जरूर लेकिन राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे। ह्दय मानाव भोरु हाई । रामहिं जाई कहै जनि कोई। राम न जाए ऐसा दशरथ सोच रहे थे। वे जंगल अगर गये है तो पिता की आज्ञा से नहीं गये हैं बल्कि गुरु की आज्ञा से गये हैं। लेकिन नीतिवश जब कही भी बात होती है तब श्रीराम कहते हैं हैं कि वे पिता की आज्ञा से वन में गये हैं। जब हुनमान जी से परिचय हुआ था तब श्रीराम ने कहा था कि हम पितृ बचन मान वन आये। तो ये दिखा रहें हैं कि वे पिता की मर्यादा की भी रक्षा करना चाहते हैं। दुनिया यह नहीं समझें कि दशरथ जी इनको नहीं भेजे हैं। ये कहते हैं पिता ने हमको भेजा है वे वरदान दिये थे उसी वरदान के तहत भेजा है। एक ओर मर्यादा की भी रक्षा कर रहे थे तो दूसरी ओर अपनी भक्ति भी कर रहे थे। प्रजा के समझ जो बात सामने आई थी वही मूल बात थी क्योंकि गुरु आज्ञा से ही श्री राम ने अपने जीवन को धर्म रक्षित किया था। इसी कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। श्री राम की गुरु भक्ति संपूर्ण संसार के लिये प्रेरणा की श्रोत है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**हक** के लिए लड़ाई जरूरी है तो लड़ाई के लिए पढ़ाई जरूरी है।

अपनी प्रतिभा के दम पर वैश्विक ख्याति वाले विदेशी शिक्षण संस्थानों से शिक्षा ग्रहण कर झारखण्ड के जनजातीय समुदाय में शिक्षा का अलख जगानेवाले बाबा कार्तिक उरांव को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**नववर्ष** के अवसर पर बरहेट स्थित पतना में कार्यकर्त्ता सम्मेलन में झामुमो के कर्मठ कार्यकताओं से मुलाकात कर उन्हें संबोधन किया। जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सभी कार्यकताओं ने अहम भूमिका निभाई है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**जीवन** को जानना एक खोज है, उसे कुछ भूल-भटककर ही जाना जा सकता है ।

कभी पश्चात्ताप के स्वर में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का इतिहास है।

**– अमिताभ बच्चन**

# कैसे भरें जीएसटी का रिटर्न और क्या है सावधानियां



**अजयदीप बाधवा**

## आर्थिक

जीएसटी रिटर्न जीएसटी में रजिस्टर्ड होने व जीएसटी नंबर प्राप्त होने के बाद हर व्यवसाई या कर दाता के लिए यह कानूनी रूप से आवश्यक है कि वह अपने व्यवसाय के हिसाब से लगाई जीएसटी रिटर्न को भरे। जीएसटी में कुल 22 तरह के रिटर्न का प्रावधान है, जिनमें अभी मात्र 11 एक्टिव हैं। शेष में 3 सस्पेंडेड हैं और 8 ऐसे हैं जिनको सिर्फ देखा जा सकता है। ये48 रिटर्न आपके द्वारा भरे गए 11 रिटर्न के आधार पर स्वयं तैयार हो जाते हैं। एक्टिव रिटर्न, जिनको कर दाता को भरना पड़ता है, में से प्रमुख हैं, जीएसटीआर-1 (जीएसटीआर-1),

जीएसटीआर-3बी (जीएसटीआर -3इ),

जीएसटीआर-4 (जीएसटीआर-4), जीएसटीआर 9 ( जीएसटीआर 9 ) और जीएसटीआर 9 उ (जीएसटीआर 9सी ) आदि। वस्तुता, रिटर्न एक ऑनलाइन फॉर्म है जिसे जीएसटी कानून के तहत पंजीकृत हर कर दाता को प्रत्येक जीएसटी नंबर के लिए भरना अनिवार्य है। कर दाताओं को अपने व्यवसाय के हिसाब से अपना रिटर्न चुनना और भरना पड़ता है। ध्यान देने वाली बात है कि सामान्यता रिटर्न प्रत्येक व्यावसायिक इकाई द्वारा दाखिल किया जाना आवश्यक है जिसका कारोबार सालाना 20 या 40 लाख (वैकल्पिक) से अधिक हो । करदाताओं को विभिन्न स्लैब के लिए विभिन्न पात्रता मानदंडों से भी गुजरना पड़ता है। हर जीएसटी रिटर्न को भरने की एक निश्चित तिथि होती है जिस के अंदर ही व्यवसाई को रिटर्न भर देना चाहिए वरना बाद में उन्हें कुछ सुविधाएं तो नहीं ही प्राप्त होंगी, बल्की आर्थिक दंड भी भरना पड़ता है। वैसे सरकार व्यवसायियों की सुविधा के लिए समय समय पर, जैसे कोरोना काल आदि में, निश्चित तिथि को बढ़ाती भी रहती है। रिटर्न भरने के पूर्व व्यवसाई को अपना मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न, जो जैसा लागू हो, पहचान लेना चाहिए और उसे अंतिम तिथि के पूर्व ऑनलाइन भर देना चाहिए। जीएसटी में एक त्रैमासिक रिटर्न भरने की व्यवस्था है। वैसे कर दाता जिनकी सालाना टर्नओवर 5 करोड़ रुपए से कम है और जिनके पास जीएसटी नंबर है वे इस क्यूआरएमपी स्कीम को चुन सकते हैं जिनमें उनको अपना जीएसटी तो हर मास भुगतान करना पड़ता है पर रिटर्न हर माह के स्थान पर तीन माह में एक बार भरना और जमा करना पड़ता है। रिटर्न भरने की प्रक्रिया भी ज्यादा कठिन नहीं है। कर दाता स्वयं भी अपने रजिस्टर्ड आईडी और पासवर्ड से स्वयं का रिटर्न भर सकता है या विशेषज्ञों की सहायता भी ले सकता हैं। जीएसटी विभाग ने भारत में लगभग हर स्थान पर जीएसटी विशेषज्ञों की सूची बनाई है जो उनके वेबसाइट पर उपलब्ध है। कर दाता अपने शहर की लिस्ट देख कर उसमें से अपना जीएसटी सलाहकार चुन कर उसकी मदद ले सकते है । ये सलाहकार, जो कि प्राय कॉस्ट व मैनेजमेंट अकाउंटेंट(सीएमए), सीए आदि होते हैं, एक उचित शुल्क ले कर आपका रिटर्न भरते हैं और बाद में विभाग की ओर से आने वाले किसी नोटिस का भी उतर देते हैं। कर दाता को याद रखना चाहिए कि जीएसटी रिटर्न भरना एक वैधानिक आवश्यकता है और इसे समय पर भरना ही चाहिए।

(सीएमए अजय दीप वाधवा, रजिस्टर्ड जीएसटी सलाहकार, मोटिवेटर, काउंसलर, वित्तीय विषयों के कई पुस्तकों के लेखक।)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सकारात्मक बनें

**इस** बार कोरोना अपने नव्य और ज्यादा रौद्र रूप में तेजी से फैल भी रहा है। लोग लापरवाही की सरहद को लांघ रहे हैं। असल दर्द तो उनका है, जिन्होंने इस संकट में अपनों को खो दिया। अब स्वदेशी वैक्सीन के आने से आशा की दीप्ति नजर आई है। इस वक्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए वैक्सीन उपलब्ध है, अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व संवेदनशील रहने की जरूरत है।

**–रवि, कोडरमा**

### युद्धस्तर पर टीका

**अब** जब फिर से कोरोना तेजी से सक्रिय हो रहा है तो सरकार, प्रशासन और आम लोग कुछ खास सतर्क नहीं दिख रहे। हालांकि, वैज्ञानिकों की मेहनत की बदौलत वैक्सीन भी तैयार हो गई है और लोग आगे आ रहे हैं। लेकिन यह महामारी हमारे देश में पूरी तरह हारी नहीं है। वहां तो सबसे पहले और युद्धस्तर पर कोरोना का टीकाकरण होना चाहिए।

**– राजेश चौहान, हजारीबाग**

# न तालिबान बदला है और न आने वाले समय में बदलेगा

**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

**अफगानिस्तान** के कब्जे के बाद भी तालिबान का रवैया वही है, जो बीस साल पहले था। खस्ता हाल और भूखे देश को चलाने के लिए उसे मदद चाहिए, वह भी अपनी शर्तों पर। अफगानिस्तान के हालात को लेकर दुनिया भर के देश चिंतित हैं। सब चाहते हैं कि अफगानिस्तान में विकास हो। बाकी जनता की समस्याएं हल हों। हालात सामान्य हों। लोगों को भरण-पोषण की चीजें उपलब्ध हों। पर अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान अपने एजेंडे से पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसका क्रूरता का चेहरा वैसा ही है जैसा बीस साल पहले था। उसने उस पर कोई मुखौटा नहीं लगाया। कोई आवरण नहीं ओढ़ा। उनको दुनिया से अपने लिए मदद चाहिए, वह भी अपनी शर्तों पर। उन्हें न मानवता से कुछ लेना है, न मानव समाज से।

अभी रूस ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर वार्ता की मेजबानी की। इसमें तालिबान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत ने भी बात की। भारत ने सहायता का आश्वासन भी दिया। चीन ने युद्धग्रस्त देश अफगानिस्तान को 10 लाख अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराए हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि चीन ने यह आर्थिक मदद दी है और मानवीय मदद (विशेष रूप से भोजन और दवाओं के लिए) के तौर पर पांच लाख अमेरिकी डॉलर और उपलब्ध कराने का वादा भी किया है।

अफगानिस्तान की आर्थिक हालात ठीक नहीं है। वहां भोजन का संकट है। पेट भरने के लिए लोग अपनी बेटियां तक बेच रहे हैं। वहां न जरूरत का सामान है, न ठंड से बचने के लिए कपड़े। इस हालात से दुनिया अफगानिस्तान की जनता के बारे में सोच रही है। चिंता कर रही है। किंतु अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान का रवैया कुछ और ही कहता है। उनके आचरण से लगता है कि पिछले 20 साल में उन्होंने अपने में कोई बदलाव नहीं किया। उनका एजेंडा वही है। वे कट्टर इस्लामवाद से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। सत्ता पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने मान्यता पाने के लिए सभी धर्मों को साथ लेकर चलने का दावा किया था। लेकिन अब अल्पसंख्यकों के लिए वहां सुरक्षा हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। तालिबान ने वहां रहने वाले सिखों को फरमान जारी करते हुए कहा है कि या तो इस्लाम कुबूल कर लो या फिर देश छोड़ दो। इतना ही नहीं इस्लाम कबूल न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। तालिबान ने सत्ता संभालते ही जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा कर दिया। अब ये रिहा कैदी उन्हें सजा देने वाले न्यायधीश को खोज रहे हैं। न्यायधीश अपनी जान बचाते घूम रहे हैं। अफगानिस्तान से भागी 26 महिला जज ग्रीस में शरण लिए हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लगा था कि चीन, पाकिस्तान और रूस तथा आसपास के कुछ इस्लामिक देश उसे तुरंत मान्यता दे देंगे। पाकिस्तान तो इस अभियान के लिए सक्रिय भी हुआ। इतना सब होने के दो माह बाद भी अब तक एक भी देश तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दे सका।

अमेरिका से वार्ता में उसने वायदा किया था कि वह देश में मौजूद सभी संगठनों को साथ लेकर सरकार बनाएगा। अफगानिस्तान से सटे देश चाहते हैं कि अफगानिस्तान में शांति रहे। वहां की जनता को जरूरत की चीज आराम से मिलती रहे, किंतु यह सब आपके, मेरे चाहने और सोचने से होने वाला नहीं है। उसके लिए तो तालिबान को ही अपने रवैये में परिवर्तन करना होगा।

(दिशा संस्थान आजमगढ़ यूपी)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मशरूम खेती की दी गयी ट्रेनिंग



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय के समीप महिला विकास मंडल कार्यालय में जेएसएलपीएस द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 50 महिला मंडल समूह के दीदियों को मशरूम खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। महिला मंडल समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन करने के लिये महिला विकास मंडल कार्यालय में जेएसएलपीएस के माध्यम से लोहरदगा के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राकेश रंजन द्वारा मशरूम खेती करने के विषय मे महिलाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खेत तैयार कर बीज को अंकुरित करने के उपरान्त खेती करने का विधि को सूक्ष्मता से बताया गया। वही कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राकेश रंजन ने बताया कि मशरूम का माँग बाजार में बहुत अधिक है। जिसे कम मेहनत व पूँजी से मशरूम खेती कर महिलाएँ आसानी से आय में वृद्धि कर सकती हैं। और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मौके पर जेएसएलपीएस के जयन्त कंडुलना,सज्जाद अन्सारी,राजकपूर भगत,इन्दू देवी,प्रदीप महली के अलावे शिला देवी,बिमला कुजूर,सरस्वती देवी,मीना देवी,देवन्ती देवी,रीना देवी सहित सैकड़ों महिलाएँ शामिल थीं ।

### दुष्कर्म मामले में चार पर प्राथमिकी

**सेन्हा-लोहरदगा।** कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 के आलोक में सेन्हा थाना में कांड संख्या 03/23 दर्ज कर चार नामजद के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई हुआ। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो निवासी परिवार स्व सुनेशवर महली के बेटी हीरामणी कुमारी ने कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 दिनाक 7/12/2022 के तहत दहेज प्रताड़ना एवं दुष्कर्म मामला को लेकर न्यायालय से न्याय का गुहार लगाई थी। सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा की कोर्ट परिवाद के तहत स्वर्गीय सुनेश्वर महली के पुत्री हीरामणि कुमारी का कोर्ट परिवाद प्राप्त हुआ था। जिसके आधार पर सेन्हा थाना में कांड संख्या 3/23 दर्ज कर धारा 376, 313 ,323 ,379 , 498ए 34 भादवी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत किशोर महली पिता स्वर्गीय मुकुंद महली जितिन महली एव कृष्णा महली पिता मुकुंद महली ग्राम ओईना बखरी टोली थाना लोहरदगा स्थाई पता शिव मंदिर खलारी रोड रायबचरा थाना खलारी जिला चतरा एवं सोनी देवी पति विनोद महली ग्राम भुरकुंडा जिला रामगढ़ के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रसर कारवाई में जुट गई।

### जय श्री राम समिति ने लिये कई निर्णय



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में की गई। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी एवं संरक्षक मौजूद रहे। बैठक में विवेकानंद जयंती,चूड़ा तिलकुट का आयोजन एवं सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा हुई।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती सभी प्रखंडों में मनाई जाएगी। 18 जनवरी को चूड़ा तिलकुट का आयोजन पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर में किया जाएगा साथ ही नगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। बैठक में सदस्यता अभियान को बढ़ाते हुए 31 जनवरी तक किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा सदस्यता अभियान को लेकर एक मौका और दिया गया है इसके बाद सदस्यता अभियान बंद कर दिया जाएगा ।मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी,अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह,हेमंत वर्मा जिला महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू,अनुज कुमार सह - कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

### आयुष्मान की डीडीसी ने की समीक्षा



लोहरदगा। आयुष्मान भारत पहल के तहत विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे कार्य की समीक्षा की गई। समिति के सदस्य सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत अभी तक के कार्यों एवं उपलब्धियों को पावर प्वाइंट के आधार दर्शाया गया ।समिति में चर्चा के दौरान इन बातों पर निर्णय लिया गया की विद्यालय में सप्ताह में दो घंटी मंगलवार और शनिवार को सत्र का संचालन हो। उप विकास आयुक्त ने इस बात पर बल दिया की यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय की बहुत आवश्यकता है, उन्होंने निर्देश दिया की यथा शीघ्र प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति का गठन नियमानुसार कर लिया जाए और उनकी बैठक भी नियमित समय अंतराल पर निश्चित रूप से आयोजित हो ।उन्होंने यह भी कहा की आनेवाले समय में वो खुद भी स्कूल का भ्रमण कर कार्यक्रम का अनुश्रवण करेंगी। उन्होंने यह आशा व्यक्त की की इस कार्यक्रम के क्रियान्वन से आने वाले समय में किशोर,किशोरी और छात्र,छात्रा के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आशा जताई कि स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अगर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित गूगल फॉर्म में हर महीने के 30 अथवा 31 तारीख को विद्यालय समय सारणी में प्रस्तावित घंटी के अनुसार संपन्न वर्ग संचालन से संबंधित आंकड़ों को प्राथमिक तौर पर भरें ।इस बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अशनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, ए.पी.ओ, प्राचार्य डायट चिरि,जिला जेंडर समन्वयक तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर ब्योमकेश कुमार लाल, प्रोग्राम ऑफिसर दीपक कुमार,पवन कुमार गुप्ता, रंजन कुमार उपस्थित थे।

# बासिल व सहारा में पैसे जमा करने वाले भटक रहे

- सरकार इन कंपनियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई या कानून नहीं बना रही है, जिससे गरीबों का पैसा वापस मिल जाये
- पालकोट प्रखंड के बांदोडीह के कई ग्रामीण इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई व पैसे वापसी को लेकर फार्म भरते नजर आये

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बासिल इंटरनेशनल व सहारा इंडिया कंपनियों के द्वारा गरीबों के पैसे में कुंडली मारकर बैठने के बाद गरीब परिवार के लोग जमा पूंजी की निकासी के लिए दर-दर की ठाकरें खाने को विवश हैं। गरीबों की इस मनोदशा को दूर करने में सरकार की भी भूमिका हाशिये पर है।

क्योंकि इतने लंबे समय के बाद भी सरकार के द्वारा इन कंपनियों के खिलाफ गरीबों के पैसे वापसी को लेकर कोई निर्णय या कानून नहीं बनाया गया है। यही कारण है कि कई गरीब पैसे के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं तो कई लोग अपने बेटियों के हाथ पीले करने का जो सपना देखा था वह अब सपना ही बनकर रह गया है। ये दोनों कंपनियों गरीब जनता के लाखों करोड़ों रूपये डकार चुकी है। सहारा इंडिया पर तो कोर्ट की चाबुक चल रही है लेकिन बासिल पर तो अब तक किसी तरह की कार्रवाई भी नहीं हुई है। गुमला के पालकोट रोड में स्थित बासिल इंटरनेशन उपभोक्ताओं के जमा रकम लेकर भाग चुकी है। फिक्स पैसे का समय पूरा होने के चार से पांच साल बाद भी उपभोक्ताओं को पैसा नहीं मिल पाया है।

वहीं कंपनी के एजेंट उपभोक्ताओं को धोखे में रखकर तरह-तरह के फार्म भराकर अपना पीछा उनसे छुड़ाने में जुटे हैं। शुक्रवार को पालकोट प्रखंड के बांदोंडीह सहित कई गांवों के ग्रामीण कचहरी परिसर में बैठकर बासिल के एजेंट के कहने पर पैसे वापसी को लेकर फार्म उपायुक्त के नाम से भर रहे थे। फार्म भी वे फोटो कॉपी करारकर भर रहे थे और फार्म के माध्यम से सरकार के द्वारा बनाये गये कानून के माध्यम से कंपनी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।



पैसे की वापसी व कंपनियों पर कार्रवाई को लेकर गुमला पहुंचे ग्रामीण।

पालकोट प्रखंड के बांदोडीह के रमेश नगेशिया, सुमित्रा कुमारी, जोवाकिम मुंडा, शनिचर नगेशिया, नीलमनी देवी, सविता देवी, अर्जुन महतो, रामचंद्र महतो, महली गोप, विश्वनाथ नगेशिया सहित कई ग्रामीण बासिल इंटरनेशनल कंपनी में जमा किये राशि के प्रमाण पत्र लेकर आये थे। जिनका कागजात देखने से पता चला की सअवधि जमा राशि प्कब का पूरा हो गया है और उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। ये गरीब मजदूरी कर व पेट काटकर कंपनी के खाते में पैसे जमा किये थे। लेकिन कंपनी इनके पैसे लेकर फरार हो गई है। वे न्याय का गुहार भी लगायें तो कहा लगायें। क्योंकि सरकार से लेकर अधिकार तक इनके जमा पैसे की वापसी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

# कोर्ट फीस वृद्धि के विरोध में न्यायिक कार्य से दूर रहे वकील

**फीस में वृद्धि से सुलभ न्याय प्रक्रिया हो जायेगी समाप्त : बार एसोएिशन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड सरकार के द्वारा कोर्ट फीस में किये गये वृद्धि के खिलाफ शुक्रवार को झारखंड बार काउंसिल के आह्वान पर गुमला बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहे और सरकार के इस निर्णय का विरोध किया।



कोर्ट फीस वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन करते गुमला जिले के अधिवक्ता।

बार एसोसिएशन के सचिव बाबूलाल ने कहा कि सरकार के द्वारा कोर्ट फीस में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। जिसे सुलभ न्याय की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट फीस में दो से तीन सौ फीसदी शुल्क वृद्धि से गरीब लोग फीस कभी भर नहीं पाएंगे और वे न्याय प्रक्रिया से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के न्यायिक कार्य से दूर रहने पर तायदा ने भी समर्थन करते हुए अपना कार्य बंद रखा। बाबूलाल ने कहा कि सरकार मांग पूरा नहीं करती है तो बार काउंसिल के दिशा निर्देश पर आगे कार्य किया जाएगा। बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि सरकार कहती है कि नया प्रक्रिया को सुलभ होना चाहिए। लेकिन सरकार ने फीस में वृद्धि कर कई गरीबों को न्याय प्रक्रिया से दूर कर दिया है। अधिकारी ने कहा कि गुमला बहुत पिछड़ा इलाका है, लोग एक वक्त की रोटी भी बमुश्किल जुटा पाते हैं। ऐसी स्थिति में बढ़े हुए फीस कहां से दे पाएंगे और वे स्वतः न्याय प्रक्रिया से दूर चले जाएंगे। उन्होंने राज्य सरकार से यथाशीघ्र बढ़े हुए फीस को जनहित में वासप लेने की अपील की। इस अवसर पर राजेंद्र नाग, मंटु वकील, मदन साहु, जितेंद्र शर्मा, शैलेंद्र नेहरू, रविंद्र सिंह, मकसुद आलम, अफताब चौधरी, हर्फीद्र साहु, मो.फैजान, दीमा टोप्पो, शैलेश कुमार, नरेश बाबू, जगतपाल भगत, लक्ष्मी नारायण सोनी, ओम प्रकाश, लक्ष्मीकांत शर्मा, हरे कृष्ण झा, आयरीन खान, अमिताभ पंकज आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### कृषि ऋण माफी को ले जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शुक्रवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत लाभुकों के ई-केवाईसी हेतु जागरूकता अभियान के तहत कृषि विभाग के प्रचार रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस प्रचार रथ के जरिये सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जो 12 जनवरी 2023 तक चलेगा। साथ ही, कृषि ऋण माफी शिविर की भी जानकारी दी जाएगी जो सभी प्रखंडों के पंचायतों में बैंकवार 9 से 12 जनवरी 2023 तक लगायी जाएगी। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, डीपीआरओ पलटू महतो, एलडीएम लोहरदगा, डीडीएम नाबार्ड, आत्मा परियोजना उप निदेशक तृप्ति तिर्की, डीडीएमो समेत उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने डुमरी के कई दुकानों में की छापेमारी

**नौ दुकानों से वसूले 2800 रुपये जुर्माना, भारी मात्रा में गुटखा व 30 बोतल एक्सपायरी सॉस किया जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को डुमरी प्रखंड के दर्जनों दुकान में छापामारी की। इस दौरान 9 दुकानों से 2800 सौ रूपया जुर्माना वसूला गया। छापामारी प्रखंड के किराना दुकान, जनरल स्टोर, होटल, मांस मछली, फास्ट फूड सहित कई दुकानों में मारा गया। जिसमें फूड लाइसेंस की जांच की गई। दूध दही, मिठाई, ब्रेड, बिस्किट, शीतल पेय व अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व एक्सपायरी डेट की जांच छापामारी में की गई। छापामारी के दौरान 30 बोतल सॉस एक्सपायर हो गई थी उसे जब्त किया। भारी मात्रा में गुटका को भी जब्त किया। होटल की सफाई को भी देखा। सड़क किनारे खुले में मांस मुर्गा नहीं बेचने की चेतावनी खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानदारों को दी। कहा कि वे मिलावटी और डेट खत्म हो चुके सामानों कि बिक्री ना करें। आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सामान खरीदते समय निर्माण व एक्सपायरी डेट जरूर देखें। सभी दुकानदारों से फूड सेफ्टी लाइसेंस बनवा लेने के लिए कहा। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर दुकानदारों के साथ आम लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है। विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर वंदना होरो तंबाकू पदाधिकारी, एसआई सूरज कुमार यादव और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।



छापामारी में शामिल खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी व पुलिस के जवान।

### कांग्रेस के प्रदेश सचिव के घर चोरी मामले में पुलिस अब तक नहीं लगा पायी सुराग : रोशन



**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश कुमार के घर पर चोरों के द्वारा चोरी कर लाखों रुपए नगद सहित गहनों की चोरी के मामले पर अब तक कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है। शुक्रवार को कांग्रेस के कई नेता रमेश कुमार से मिलने उनके घर पहुंचे थे। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी गुमला पुलिस चोरों का कोई सुराग लगा नहीं पायी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने कहा कि जिस प्रकार चोरों के द्वारा दिन में ताला तोड़कर चोरी किया गया है लगता है की सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है और चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह चिंता का विषय है। गुमला पुलिस से आग्रह है की जल्द चोरों को गिरफ्तार करे। प्रदेश सचिव अकील रहमान ने कहा कि पुलिस जल्द दोषियों को गिरफ्तार करे अन्यथा कांग्रेस कमिटी आंदोलन को बाध्य होगा। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, बसिया कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू व जिला कांग्रेस के महामंत्री रामनिवास प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा के अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**कहा, कोर्ट फीस वापस हो और अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लाया जाये**

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड बार काउंसिल के निर्देशानुसार कोर्ट फीस में बढ़ोतरी के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के बैनर तले अधिवक्ता गण तथा आम जनता के द्वारा किया गया इस प्रदर्शन का मुख्य उदेश्य झारखंड सरकार द्वारा अप्रत्याशित रूप से बढ़ाई गई। कोर्ट फीस वापस लेने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लाने, अधिवक्ता कल्याण कोष गठित करने तथा अधिवक्ता संघ के अनुभवी अधिवक्ताओं के बीच से लोक अभियोजक तथा अपर लोक अभियोजक की बहाली की प्रक्रिया को पूर्व की भांति करने की मांग शामिल है। इन सभी बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर अप्रत्याशित कोर्ट फी बढ़ोतरी को वापस लेने एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने हेतु यह विरोध प्रदर्शन का कार्य किया गया। मौके पर जिला अधिवक्ता संघ ने कहा कि सभी राजनीतिक दल से उपरोक्त बिंदुओं पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग करती है चाहे वह सत्ताधारी दल हो या विपक्षी दल। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव ,उपाध्यक्ष अमरिंदर सिंह, सह सचिव लाल धर्मेंद्र देव तथा विक्रम कुमार कोषाध्यक्ष, पवन कुमार कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र मिंज, फुन्नी साहू, विपिन बिहारी दुबे, अजय लकड़ा, विनय साहू, राधा शर्मा, देवाशीष कार, मनोज प्रसाद, मुनीम प्रसाद, अनिल पांडे, हेमंत सिन्हा, राकेश अखौरी, सुमन भगत, शशांक कुमार, सचिन कुमार, सतीश विद्यार्थी, नवल प्रसाद, अनूप राय, गौतम देवरिया, दीपक कुमार, युगल किशोर सिंह , मुरारी लाल, विवेक कुमार, प्रवीण भारती, आनंद कुमार , एफ रहमान सहित सभी अधिवक्ता और लिपिक के सदस्य भी उपस्थित थे।



## एक नजर में

### रोशन बरवा का गुमला में भव्य स्वागत



गुमला। झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव रोशन बरवा को त्रिपुरा के दो विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने पर गुमला आगमन पर प्रदेश सचिव रमेश चीनी ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, चुमनु उरांव, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी,कलाम आलम, रामनिवास प्रसाद, गुलाम सरवर, अरविंद साहू, राजेश टोप्पो, अरुण कुमार, रफी अली, मोजिब अंसारी, रहमान, गुलशन टेटे, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसों में दो गंभीर रूप से घायल

गुमला। जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में शुक्रवार को दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना विशुनपुर थाना क्षेत्र के गुटवा ढोड़हा के पास घटी। जहां बाईक सवार युवक विशुनपुर थाना क्षेत्र के जोरी गांव निवासी 35 वर्षीय रितेश साव गिरकर घायल हो गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए विशुनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। घटना में युवक के सर पर गंभीर चोट लगी है। वहीं दूसरी घटना गुमला थाना क्षेत्र के थाना मोड़ की है। जहां एक विक्षिप्त महिला को एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद वाहन चालक वहां से फरार हो गया। वहीं से गुजर रहे एक रिक्शा चालक ने महिला को रिक्शा में बैठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

### गुमला में युवा दिवस पर आज से राम कथा

**गुमला।** युवा दिवस के शुभ अवसर पर चेटर सूर्य मंदिर में 07 से 12 जनवरी तक संध्या 06 बजे से राम कथा का आयोजन किया गया है। सूर्य मंदिर के सदस्य सुशांत पाठक ने बताया कि रामकथा का आयोजन सर्वस्व मानव कल्याण के लिए आयोजित है। जहां रामरेखा धाम के आचार्य इंद्र शंकर व्यास जी के द्वारा राम कथा पर प्रवचन दिया जाएगा। राम कथा में सभी हिंदू धर्मावलंबी से भाग लेने की अपील की गई है।

### जिला पेंशनर समाज की बैठक 9 जनवरी को

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक 9 जनवरी को पेंशनर भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। यह जानकारी देते हुए पेंशनर समाज के मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन ने बताया कि बैठक में समसामयिक विषयों सहित फरवरी माह में संभावित अधिवेशन के आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा उन्होंने जिले के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### घाघरा में 70 सहियायों को मिला जांच किट



**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घाघरा में 6 क्लस्टर के 70 स्वास्थ्य सहियाओं के बीच शुक्रवार को जांच किट का वितरण किया गया। जांच किट का वितरण बीटीटी पारस साहू, सीमा देवी सहित अन्य बीटीटी ने सामूहिक रूप से किया। इस क्रम में बीटीटी सीमा देवी ने बताया कि स्वास्थ्य सहियाओं के बीच जांच किट का वितरण किया गया है। जिसमें शुगर जांच ,बीपी जांच, बुखार जांच, बच्चों के तोलने सहित कई मशीन दी गई है। जिसे स्वास्थ्य सहिया अपने क्षेत्रों में लोगों को लाभ दे पाएंगे। बीटीटी पारस साहू ने बताया कि 6 क्लस्टर में सरांगो, घाघरा, कोटामाटी, तारागुटु, कुराग,आदर के 70 स्वास्थ्य सहिया के बीच वितरण किया गया है। वही बाकी दूसरे क्लस्टर के अन्य सहिया के बीच वितरण किया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य सहिया अनिता देवी,सजोति देवी,हेमंती देवी,संगीता देवी,जानकी देवी,शिला देवी,राखी देवी,सुनीता देवी सहित कई सहिया उपस्थित थे।

### कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के फोरी गांव निवासी बबलू उरांव की पत्नी सहमनिया देवी शुक्रवार को कीटनाशक खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद में सहमनिया ने कीटनाशक खा लिया।

### कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला।** गुमला के कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह लोहरदगा के वरीय कांग्रेस नेता हरिनारायण के निधन पर शोक जताया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि हरिनारायण पार्टी के प्रति समर्पित भावना से काम करते थे। उनकी सक्रियता का लोहरदगा में पार्टी की मजबूती में बड़ा योगदान है। उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़कर पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठाभाव से काम कर रहे है। उनका निधन पार्टी और लोहरदगा वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी कमी की भरपाई संभव नहीं है। शोक जताने वालों में पूर्व अध्यक्ष रोशन बरवा, अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, हेमावती देवी, अमर कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, बैजनाथ उरांव, हिमेश कुमार, कलावती देवी आदि लोग है।

### मिशन बदलाव के सदस्य ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में पिछले तीन दिनों से इलाजरत 6 साल का बच्चा शिवराज बड़ाईक के जीवन रक्षा को लेकर शुक्रवार को मिशन बदलाव के सदस्य अमित कुमार ने रक्तदान किया। बच्चे को प्रत्येक तीन महीने में ब्लड की जरूरत पड़ती है। मिशन बदलाव के अमित कुमार के प्रति बच्चे के परिजनों ने आभार व्यक्त किया। अमित कुमार ने कहा कि ब्लड डोनेट कर मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं प्रत्येक तीन महीने में जरुरत मंद को रक्तदान करूँगा। मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने बताया कि सभी महिलाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और हमारी महिला टीम के द्वारा रक्तदान सम्बंधित कार्य परेशानियों को दूर करने के लिये गांव गांव में जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा।

### पंचायत समिति की बैठक में कई विभागों की समीक्षा

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक शुक्रवार को प्रमुख सबिता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ व सीओ के अलावे सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने का आग्रह किया है। वही शिक्षा विभाग की घोर अनियमितता का उजागर पंचायत समिति सदस्यों ने किया है। कई पंचायत में स्कूल बंद है। चुल्हा माटी व जलहन सहित कई पंचायत के विद्यालय बंद है जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय खोलने की दिशा में पहल करने का निर्देश डीईओ को दिया है।

# खलकतंबी जंगल में ढिबरा की अवैध खदान में छापेमारी, अवैध खनन करने वाले फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** वन्य प्राणी आश्रयणी अंतर्गत खलकतभ्भी जंगल में बड़े पैमाने पर हो रहे ढिबरा के अवैध उत्खनन को लेकर गुरुवार को वन विभाग व पुलिस प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से वहां छापेमारी की। छापेमारी में एक जेसीबी, दो शक्तिमान सहित एक मोबाइल जब्त किया गया। छापेमारी में वन प्रक्षेत्र के रेंजर रामबाबू कुमार व थाना प्रभारी इंदु भूषण कुमार के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे। खनन कर रहे लोगों में से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी। मौके पर काफी संख्या में अवैध उत्खनन कर रखी गई ढिबरा भी जप्त किया गया। खलकतभ्भी जंगल में काफी सालों से अवैध तरीके से ढिबरा का अवैध खनन किया जा रहा था। लगभग 20 से 30 फीट तक जमीन की खुदाई कर ढिबरा निकाला जा रहा था। वहां कई सुरंगे भी बनी मिलीं। वहीं कुछ इलाकों में गड्ढे नुमा सुरंग खोदकर सीढ़ी के मदद से ढिबरा निकाले गए। देर शाम तक जब्त जेसीबी को नहीं लाया जा सका था। छापेमारी की भनक लगने के बाद जेसीबी को वहां से हटाकर घने जंगल में छिपा दिया गया था, कुछ पार्ट पुर्जे खोल दिए गए थे, टीम की ओर से जब्त किए गए जेसीबी को लाने के लिए मिस्त्री भी बुलाया गया। इसके बावजूद भी उसे ठीक नहीं किया जा सका। खलकतभ्भी जंगल में लगभग 30 से 35 साल पहले बीएसएमडीसी के मार्फत वहां ढिबरा की खदानें संचालित हुआ करती थी। इसके बंद होने के बाद खनन माफिया यहां अवैध खनन करते रहे हैं। यह इलाका जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर घने जंगल में है। मेघातरी पंचायत अंतर्गत आने वाले इस जंगली इलाके में वहां कुछ अनुसूचित जनजाति परिवार के लोग रहते हैं।

## स्पीड न्यूज

### 12 एकड़ में लहलहा रहे अफीम की खेती को किया गया नष्ट

**कुंदा (चतरा)।** पुलिस ने शुक्रवार को कुंदा थाना क्षेत्र के टीटी भड़गांव में 12 एकड़ में लहलहा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि कुंदा पुलिस और वन कर्मी के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अफीम खेती करने वाले पर चिन्हित किए जा रहे हैं। उनके ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज होगा और जुमार्ना के साथ-साथ करवाई भी किए जाएंगे। जबकि अफीम उन्मूलन को लेकर गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाई गई थी। इसके बावजूद भी अफीम बड़े पैमाने पर अफीम तस्कर अफीम की खेती कर रहे हैं। वन क्षेत्र हो या रैती जमीन पर अफीम की खेती करने वाले पर ड्रोन के सहारा से पूरे क्षेत्र में नजर रखी जा रही है। किसी भी सूरत में अफीम खेती करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। अभियान में वन क्षेत्र पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना में आवेदन देकर उत्तरी पंचायत स्थित करबला नगर निवासी बाबूलाल दास ने अपने बेटे 28 वर्षीय मनोहर दास की गुमशुद्गी को लेकर सनहा दर्ज कराया है। उन्होने आवेदन में बताया है कि 3 जनवरी को कमाने के लिए सिकंदराबाद जाने को कहकर घर से 9 बजे सुबह रेलवे स्टेशन परसाबाद निकला। वहां से फिर धनबाद का ट्रेन पकड़कर धनबाद पहुंचा एवं धनबाद से सिकंदराबाद के लिए 4 बजे शाम में ट्रेन थी। इस बीच मोबाइल पर उसकी बात हुई। इसके बाद से उसका मोबाइल बन्द आ रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि लड़का सिकंदराबाद भी नही पहुंचा है और न ही अभी तक घर लौटा है।

### नकली शराब कारोबार में शामिल पर कानूनी कार्रवाई करें : राजकुमार

**जयनगर (कोडरमा)।** जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के राजकुमार पासवान ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जयनगर प्रखंड के पिपचो में नकली शराब का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को उत्पाद विभाग की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उक्त को लेकर राजकुमार पासवान ने मांग किया है कि गिरफ्तार व्यक्ति के साथ साथ इस कारोबार में सम्मिलित लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई हो और इसमें किन-किन लोग सम्मिलित हैं ऐसे लोगों को भी सार्वजनिक किया जाए। अगर कार्रवाई नहीं होती है और उन लोगों का चेहरा सामने नहीं आता है तो जन आंदोलन किया जायेगा।

### उप मुखिया ने प्रशासन से कंबल व अलाव की मांग की

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत रूपायडीह पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार ने जिला प्रशासन से शुक्रवार को कंबल वितरण तथा अलाव व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने कहा कि विगत चार-पांच दिनों से पूरे प्रखंड में ठंड का भयंकर प्रकोप है। शीतलहरी से आम जन-जीवन प्रभावित है। वहीं प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों एवं बाजार में ठेला खोमचा के पास अलाव की व्यवस्था करवाई जाए। जिससे आमजनों को इस कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके।

### शिव शक्ति हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आल्हो में शुक्रवार को श्री श्री 108 शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष भीम कुमार यादव ने बताया कि 6 फरवरी से 14 फरवरी तक महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य केदारनाथ यादव प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, डोमचांच जिप सदस्य शांति प्रिया, बेको मुखिया रुपाली कुमारी, ककरचोली मुखिया राजकुमार यादव, पुनीत यादव, पवन सिंह सूरज रजक, शिवशंकर वर्णवाल समेत प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएसइ के आदेश पर एक शिक्षक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धनुकी के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को रस्सी से फांसी लगाकर जान देने कोडरमा समाहरणालय पहुचने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सहायक अध्यापक से पूछे जाने पर उसने बताया कि 2008 ई. में मेरा पारा शिक्षक के रूप प्राथमिक विद्यालय धनुकी में चयन हुआ था, मैं लगातार विद्यालय में शिक्षक के रूप में सेवा करता आ रहा हूं। 2011 में मेरा मानदेय रोक दिया गया था, उसके बाद मैं तत्कालीन मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय की मांग किया तो शिक्षा सचिव के आदेश पर मुझे पुनः नियुक्त किया गया। परंतु दो जनवरी 2023 को अचानक जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेश पर मुझे पद मुक्त कर दिया गया, जो न्यायोचित नहीं है। इससे आहत होकर मैं रस्सी लेकर फांसी लगाकर जान देने पहुंचा हूं। यदि मुझे न्याय नहीं मिला तो समाहरणालय में आत्महत्या कर लूंगा। इस संबंध में डीएसई से पूछने पर उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में कार्य कर रहा हूं और सहायक शिक्षक जो फैसला लिया है वह न्याय संगत नहीं है, मैं सहायक शिक्षक के साथ हूं।

## धर्मांतरण के घिनौने खेल के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े हैं भैंसमरवा के उरांव

### पुरखों के धर्म को बचाने के लिए गांव में सरना स्थल बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देश के अन्य भागों के साथ-साथ गढ़वा में भी भोले भाले वनवासियों को बहला-फुसलाकर एवं धमकी देकर उनका धर्म बदलने का खेल जारी है। यह घिनौना खेल अब सुदूर जंगलों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि जिला मुख्यालय के करीब पहुंच गया है। इसी तरह के घिनौना खेल गढ़वा शहर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर पंचायत के भैंसमरवा गांव के उरांव समाज के लोगों के साथ खेलने का प्रयास किया गया। ईसाई समुदाय के कुछ लोग गांव के भोले भाले उरांव जाति के लोगों को प्रलोभन देकर, धमकी देकर एवं बल प्रयोग कर ईसाई बनाने का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए बजपते उनसे लिखित स्वघोषणा पत्र लिया जा रहा था। दुःसाहस ऐसी कि यह घिनौना खेल जिला मुख्यालय स्थित थाना के सामने हेड पोस्ट ऑफिस कैंपस में खेला जा रहा था। तभी इसकी जानकारी बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिली। अपने धर्म, संस्कृति और संस्कार को बचाने के लिए संकल्पित विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता फौरन हेड पोस्ट अफिस पहुंच गए। वहां ईसाई समुदाय के लोग 40-50 की संख्या भोले भाले वनवासियों को ईसाई धर्म में शामिल करने की अंतिम प्रक्रिया पूर्ण कर रहे थे।



बैठक करते विहिप-बजरंगदल के कार्यकर्ता और ग्रामीण।


### तीन युवकों पर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला की एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती ने तीन युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि 07 अक्टूबर को अंशु चौधरी पिता दामोदर चौधरी हीरोडीह (गिरिडीह) निवासी ने मुझे फोन कर जगन्नाथ जैन महाविद्यालय बुलाया। इसके बाद मुझे बहला फुसलाकर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में बैठाकर दिल्ली ले गया। वहां मुझे एक रूम में ले गया, जहां पहले से ही आशीष कुमार पिता धनपत चौधरी हीरोडीह (गिरिडीह) निवासी व बबलू चौधरी गिरिडीह निवासी मौजूद थे। वहां पर आशीष कुमार व बबलू चौधरी ने मेरे बिना मर्जी के मेरे साथ बलात्कार किया। आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## एसडीओ ने की खाद्य आपूर्ति की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम ने शुक्रवार को जिले के सभी एमओ एवं एजीएम के साथ खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसडीओ ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत माह जनवरी 2023 से लाभुकों को खाद्यान्न मुफ्त में वितरित किया जाएगा। इसके पूर्व के शेष खाद्यान्न (बैकलग) अभी माह जनवरी में मुफ्त में वितरित किए जाएंगे। इसके लिए सभी एमओ को व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देशित किया गया। बैठक में डुप्लीकेट आधार पर भी समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं इंटरा डिस्ट्रिक्ट डुप्लीकेट आधार की पहचान कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिन लाभुकों का आधार सीडिंग कार्य अब भी शेष है, उन्हें पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने पीडीएस विक्रेताओं को अपवाद पंजी से खाद्यान्न वितरण नहीं करने का निर्देश दिया। गढ़वा जिले में 22 दाल भात केंद्र संचालित हैं। सभी केंद्रों पर दाल भात एप्प के माध्यम से ही भोजन मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त एफसीआई गोदाम से जेएसएफसी गोदाम तक खाद्यान्न परिवहन के इन एवं आउट स्टॉक स्टेटस की समीक्षा की गई। सभी उपस्थित एजीएम को समय से इसकी ऑनलाइन इंट्री कराने का निर्देश गया। मौके पर एडीएसओ अशोक कुमार भारती एवं बिरजू चौधरी आदि उपस्थित थे।



बैठक करते एसडीओ।

### दो हाइवा की टक्कर में चालक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र स्थित नौवा माइल घाटी में शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे सड़क दुर्घटना में चालक हाईवा के अंदर घंटो तक फंसा रहा। वहीं इस दौरान रांची पटना मुख्य मार्ग पर लंबी कतार लग गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल बंदरचुआ में अनियंत्रित होकर एक खाद्य से भरा ट्रक पलट गया, जिसे हटाने का काम चल ही रहा था की इसी क्रम में शुक्रवार उक्त घटनास्थल पर ही करीब 10 बजे बांझेडीह पावर प्लांट से नवादा फ्लाइ ऐश लेकर जा रहे हाईवा नौवां माइल घाटी में रुका हुआ था की अचानक से पिछे से बांझेडीह पावर प्लांट से नवादा फ्लाइ ऐश लेकर जा रहे हाईवा ने उक्त हाईवा में जोरदार टक्कर मार दिया। तत्पश्चात उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## धूमधाम से मनी गुरु गोविंद सिंह की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में संचालित +2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय, गिद्धौर में 5 जनवरी गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ गुरु गोविंद सिंह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोविंद सिंह के छाया प्रति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित एवम् स्वागत गीत के साथ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह ने किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक डॉ राजीव कुमार दास विपिन कुमार डॉ कृष्ण कुमार टिंकू संतोष सेठ तमीम अहमद राजीव नयन प्रकाश सरोज कुमार मीनाक्षी कुमारी शारदा बाला उमेश कुमार गेंदो रविदास एवं अन्य शिक्षकों की मौजूदगी में हुई। मंच का संचालन बी. एड प्रशिक्षु मनीष कुमार ने किया ।विद्यालय के अध्यापक डॉ राजीव कुमार दास ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर जोर देते हुए बताया कि किस तरह गुरु गोविंद सिंह ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वंश दान कर गए । विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के विचारों को छात्र छात्राओं में समाहित करते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह किस प्रकार अपने राष्ट्र की रक्षा की। इस आयोजन में कई रंगारंग कार्यक्रम भी किए गए जिसमें इ.ए संभाग के प्रशिक्षु नितेश कुमार सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर विशेष चर्चा की एवम विद्यालय की ओर से वर्ग 12 की छात्रा खुशबू कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत की । मधु कुमारी , फुलमति कुमारी, विक्रम कुमार ने एकाएक गीत प्रस्तुत किए एवं छात्रा निशु, खुशबू एवं अन्य गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालें। धन्यवाद ज्ञापन रसायन विज्ञान के शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार टिंकू ने किए उन्होंने बच्चों के अंदर गुरु गोविंद सिंह के शुभ विचारों को पिरोने का प्रयास किया एवं उनके विचारों का आज के युग में उपयोग करना एवम शिक्षा के प्रति सजग होना बताए।

## अंचल कार्यालय में जनसुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जन-समस्याओं से एसी अनिल तिर्की ने फरियादियों की फरियाद सुने। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने मोटेशन, भूमि सुधार सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही अंचल से जुड़े सभी विभागों का निरीक्षण किया गया।

## नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़

### जंगल का फायदा उठाकर फरार हुए नक्सली

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के नक्सल प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर सीमा से सटे अनगडा- बनवार जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी आक्रमण के दस्ते के साथ हुई। मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलीबारी होने की खबर है। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग गये। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के रिजनल कमाण्डर आक्रमण (15 लाख इनामी) एवं जोनल कमाण्डर शशिकांत उर्फ आरिफ (10 लाख ईनाम) के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु ग्राम-बतरा, अनगड़ा, नागद, थाना-कुन्दा, चतरा एवं पलामु जिला के सीमावर्ती जंगली क्षेत्रों में एकत्रित हुये है। इस सूचना का सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया जिसमें चतरा पुलिस, कोबरा 203 एवं झारखण्ड जगुआर ए०जी० 25 को शामिल किया गया था। उक्त अभियान दल अभियान के क्रम में जैसे ही ग्राम अनगड़ा गाँव के आगे के जंगली क्षेत्रों में पहुंचे तो अचानक पुलिस को अपनी और आता देख नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को लक्षित कर फायरिंग की जाने लगी। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस बल द्वारा नियंत्रित फायरिंग की गई। पुलिस बल को भारी पड़ता देख टीएसपीसी उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जाने वाली दिशा में चेकिंग एवं तलाशी किया गया, जिसमें कई समान बरामद हुआ है। वर्तमान में उन क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान के दौरान वॉकी टॉकी-01 एवं वायर, आर्मी पेटरनल क्लोच , मोबाईल-02 चार्जर सहित 021-सोलर प्लेट , खाना पकाने का वर्तन, स्टील प्लेट-08, चावल-20 किलो०, ताजा सब्जी, कम्बल, सिविल कपड़ा 10, बैग 2, दैनिक प्रयोग का सामान आदि बरामद किया गया है।

**चतरा पुलिस की नक्सलियों से अपील :** चतरा पुलिस ने नक्सलियों से अपील किया है कि नक्सलियों का समय खत्म हो चुका है। ये किसी न किसी दिन पुलिस की गोली का शिकार होगे। इससे पूर्व यह आवश्यक है कि वे झारखण्ड पुलिस के आत्मसर्पण एवं पुनर्वास नीति- नई दिशा का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़े अन्यथा कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।



## एक नजर में

### डीसी ने उच्च न्यायालय में जिले के लंबित मामलों की समीक्षा की

**चतरा।** उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त अबु इमरान ने विभिन्न विभागों के प्रधानों के साथ बैठक समाहरणालय के सभागार में की। विभागवार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निदेश दिया कि वे इन मामलों का समाधान जल्द से जल्द करते हुए न्यायालय में काउंटर शपथपत्र दायर करें। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित मामलों से विभागीय छवि धूमिल होती है। उन्होंने साफ शब्दों में निदेश दिया कि एक सप्ताह के अंदर हर हाल में कंटेम्प्ट वादों का निबटारा हो। न्यायालय के लंबित मामलों छोड़ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पंचायत बारीसाखी में कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के द्वारा प्राकृतिक खेती प्रखंड स्तरीय जागरूकता -सह - एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमें वीरेंद्र प्रताप राय ने जैविक खाद तथा गोमूत्र के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दीए बीटीएम दीनदयाल प्रसाद ने केसीसी कृषि माफी योजना ईकेवाईसी के बारे में प्रचार प्रसार किया गया उपस्थित वैज्ञानिक वीरेंद्र प्रताप राय जनसेवक नवल किशोर मुखिया समीरा कुमारी बीटीएम दीनदयाल प्रसाद उप मुखिया विकास कुमार पांडेय किसान उत्पादक संगठन के निकेत कुमार स्वयंसेवक विकास कुमार विक्कू जेएसएलपीएस बीआरपी विजय रजक कृषक मित्र प्रसादी पासवान समाजसेवी मनोज कुमार दांगी रोहित कुमार दांगी रमेश कुमार महतो एवं जेएसएलपीएस के महिलाएं तथा वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### रोहित के हत्यारों की गिरफ्तारी को ले धरना प्रदर्शन

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के भुइया समाज ने सोहर कला निवासी रोहित के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए शुक्रवार को जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जोरदार नारेबाजी की। पुलिस प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को कोसा। धरना प्रदर्शन को लेकर बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष रैली निकालकर सिमरिया चौक पहुंचे और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद, स्थानीय विधायक मुदार्बाद, और रोहित के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने का नारे लगाए। सिमरिया चौक के बाद समाज के लोग सिमरिया थाना पहुंचे। जहां एक शिष्टमंडल ने थाना प्रभारी विवेक कुमार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर रोहित के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की।

### कोयला व्यवसायी को जान से मारने की कोशिश एवं ब्रेजा कार लूटने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरनाडीह कांटा के पास दो अज्ञात अपराधियों द्वारा एक कोल व्यवसाई को जान से मारने की नियत से रस्सी से बांधकर तथा चाकू से हमला कर जख्मी करके ब्रेजा गाड़ी लूटकर भाग गया था। जिसकी सूचना पिपरवार थाना को दिया गया। उक्त मामले को लेकर पिपरवार थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। गुप्त सूचना के अनुसार चतरा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु सीनियर डीएसपी शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं सहयोगियों द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों अपराधियों सहित लूटे गए ब्रेजा गाड़ी को महज 8 घंटे के अंदर बरामद कर लिया गया। दोनों अपराधी कर्मी लूटे गए ब्रेजा गाड़ी संख्या जेएच01इक्यू 3974 के साथ बंगाल भागने की फिराक में थे कि अपराधियों को झारखंड तथा बंगाल बॉर्डर के बरसोल थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया। पकड़ाए दोनों अपराधकर्मी कुमरचक गाँव, थाना दुर्गाचक, जिला पूर्वी मेदनीपुर निवासी शेख हुसैन उर्फ अब्बू अली एवं गौरांग चटर्जी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त जानकारी डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

### विधायक के पहल पर दुधिया रोशनी से जगमग हुआ टंडवा का गुप्ता चौक

**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास के निजी मद से टंडवा के गुप्ता चौक में हाई मास्टलाइट का उदघाटन विधिवत विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काट कर किया। उल्लेखनीय है कि टंडवा गुप्ता चौक में हाई मास्ट लाइट की मांग वहाँ के स्थानीय लोगों के द्वारा काफी लम्बे समय से किया जा रहा था। माननीय विधायक किशुन दास ने इसे अपने संज्ञान में लिया और टंडवा के गुप्ता चौक को दुधिया रोशनी से जगमगा दिया। इस मौके पर विधायक श्री दास ने कहा की मेरे द्वारा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विशेष प्रयास जारी है। इससे गुप्ता चौक टंडवा को सिर्फ रोशनी ही नहीं मिलेगी बल्कि चौक की सुन्दरता भी बढ़ेगी। इस मौके पर विक्की मालाकार रंजीत गुप्ता बबलू गुप्ता महेंद्र यादव समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थें एवं विधायक जी के प्रति आभार जताया।

### मजदूरों ने 8 जनवरी से हड़ताल में जाने का दिया अल्टीमेटम

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना के आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्य करने वाले मजदूरों ने 7 जनवरी तक मांग पूरा नहीं होने पर 8 जनवरी से आंदोलन का चेतावनी दिया है। जानकारी देते हुए वर्कर रमेश वर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को इस संदर्भ में पत्र लिखकर परियोजना महाप्रबंधक को अवगत करा दिया गया है। 21 जुलाई 22 को कंपनी के अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों व कामगारों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी, जिसमें अक्टूबर 2022 से मजदूरों का वेतन वृद्धि, एचपीसी वेतनमान में प्रोन्नत एवं मजदूरों के आश्रितों को रोजगार से संबंधित मांगों पर बनी सहमति को अनुपालन करते हुए 7 जनवरी तक वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने की बात कही गई थी जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

### पत्थलगड़ा में एएसआइ ने शुरू की खुदाई

**चतरा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने पत्थलगड़ा प्रखंड के ओबरा में प्राचीन टीले की खुदाई का काम शुरू कर दी है। शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ उत्खनन का कार्य का शुभारंभ किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉक्टर राजेंद्र देहुरी के नेतृत्व में यहां विभाग की ओर से खुदाई का काम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस मौके पर अधीक्षण पुरातत्वविद ने बताया कि चतरा का यह दूसरा साइट है। जहां भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम खुदाई कर रही है। इसके इटखोरी के भदुली में टीम ने खुदाई की थी। खुदाई के मौके पर काफी संख्या में आसपास के लोग भी उपस्थित थे।

### बीपीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा कटघरा रखोतिया में संचालित अनेकों योजनाओं का निरीक्षण बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने किया। बताते चलें कि मनरेगा से संचालित दीदी बाडी योजना डोभा बागवानी का निरीक्षण किए एवं लाभुकों को और बेहतरीन से कार्य करने की बातें कहीं। मुख्यमंत्री पशुधन के लाभार्थी रंजू देवी पति राजू भुइंया का गाय सेठ का भी निरीक्षण किया गया।

### मां भद्रकाली के दर्शन कर तन, मन हुआ तृप्त : डॉ बिंदु भूषण दुबे

**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर प्रकृति की गोद मे बसा दार्शनिक स्थल है। यहाँ माँ भद्रकाली का दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है। उक्त बातें अखिल भारतीय शांति प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण विद डॉ बिंदु भूषण दुबे ने माँ के दर्शन करने के पश्चात पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि माँ भद्रकाली के मंदिर से महात्मा बुद्द की साधना का इतिहास जुड़ा हुआ है।

स्पीड न्यूज

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता की इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बीते 20 दिसम्बर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड निवासी ऋषि प्रजापति की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऋषि प्रजापति भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनकी मौत के बाद यह सवाल उठने लगा है, कि आखिर उनकी मौत का जिम्मेवार कौन है। बेहद ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले ऋषि प्रजापति को घटना के बाद चिकित्सकों द्वारा राजधानी रांची के रिम्स रेफर किया गया था। ताकि वहां उनका समुचित इलाज हो सके। लेकिन गंभीर रूप से घायल ऋषि को जहां आईसीयू की बेहद जरूरत थी वो उन्हें आखिरी सांस तक नसीब नहीं हुई। पहले ही दिन ऋषि के परिजन रिम्स की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी के ही निजी अस्पताल प्लस हॉस्पिटल में ले गए। लेकिन घंटे दर घंटे इलाज के बढ़ते बिल और पैसों के अभाव के कारण लगभग दस दिनों के बाद दुबारा उन्हें वापस रिम्स में ही शिफ्ट करना पड़ा। बावजूद उन्हें रिम्स में वेंटीलेटर पर रखा गया। परिजन आईसीयू वार्ड में एडमिट करने की मांग करते रह गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अपने पिता के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में बीते 15 दिनों से मौजूद उनकी बेटी ने चतरा सांसद सुनील सिंह, भाजपा के कई नेता सहित वर्तमान कांग्रेस विधायक तक से पिता के बेहतर इलाज की गुहार लगाई। लेकिन आखिरी सांस तक उन्हें आईसीयू तक में नहीं लिया गया। आखिरकार 15 दिनों तक इलाज के बाद ऋषि प्रजापति जिंदगी की जंग हार गए। लेकिन जिस पार्टी को सींचने के लिए उन्होने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने भी इलाज के दौरान सिर्फ आश्वासन के सिवाय और कुछ नहीं दे सकें। आखिरकार ऋषि की मौत के उपरांत रिम्स में सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को उनके घर बरवाडीह लाया गया। इस दौरान उनके अंतिम संस्कार में पार्टी के चंद गिने चुने कार्यकर्ता नजर आए।


परिजनों को आश्वस्त करते बीडीओ राकेश सहाय

**बीडीओ ने परिजनों को सरकारी मदद दिलाने का दिया आश्वस्त**

उधर ऋषि प्रजापति के मौत की सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने उनके आवास पर पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर तरह से सरकारी मदद कराने को लेकर आश्वस्त किया। जिसके बाद परिजनों द्वारा उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। ऋषि प्रजापति अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गए। ऋषि की पत्नी वर्तमान में बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य हैं। वहीं उनकी दो बेटियां है, जिसमें एक का विवाह बीते दो वर्ष पूर्व ही किया गया है। वहीं दो बेटे है जो फिलहाल पढ़ाई कर रहें है।

## बालूमाथ में 15 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 15 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बताया कि महिलाओं का बंध्याकरण मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर सीमा रानी के द्वारा किया गया। वहीं बंध्याकरण में ओटी असिस्टेंट मोहम्मद मजहर, जीएनएम जय रानी कुमारी, एनएम विमला कुमारी, एमपीडब्लू अनिल कुमार, सहिया व कई स्वास्थ्य कर्मी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सासंग-सेरक ग्रामीण पथ पर गुरुवार की देर रात्रि सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले उदय गंझू पिता पच्चू (गंझु बारी सतकंडरी) की मौत शुक्रवार को लातेहार सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गयी। सदर अस्पतला में अन्तःपरिक्षण के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव में शुक्रवार की दोपहर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि सासंग-सेरक मार्ग पर गुरुवार की देर रात्रि बाइक दुर्घटना में उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगो के माध्यम से सुचना मिलने के बाद चंदवा पुलिस के द्वारा चंदाव सीएचसी की मेडिकल टीम की मदद से उसे प्राथमिक उपचार के लिय चंदवा सीएचसी लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर किया गया था, लेकिन उसकी जान नही बच पायी।

## वीएसएफ/सीटीए हरमू रांची ने चंदवा में चलाया विशेष भर्ती अभियान

**चंदवा।** वीएसएफ/सीटीए हरमू रांची द्वारा चंदवा में विशेष भर्ती अभियान चलाया। थाना परिसर में आयोजित विशेष भर्ती अभियान के दौरान बेरोजगार युवक-युवतियों ने संबंधित फार्म निर्धारित शुल्क दो सौ रुपये देकर भरा। आवेदकों से फार्म ले रहे रवि निशभ प्रभाकर और श्रीमंत मांझी ने बताया कि सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, चालक, हाउसकीपिंग और गनमैन की भर्ती की जानी है। चयनित सुरक्षा जवान को एक माह तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के पद के लिए शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास से संबंधित दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पश्चात आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रतिष्ठानों में उनकी नियुक्ति की जा सकेगी। यह भी बताया कि वीएसएफ द्वारा नियुक्त संबंधित कर्मियों को सरकारी कर्मियों की तरह संबंधित लाभ भी प्रदान किया जा सकेगा।

## कोयला चोरी करने का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने कोयला चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को लातेहार जेल भेज दिया है। इस सबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बालूमाथ के गणेशपुर ग्राम में दिनांक 19/11/2022 को एक अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया गया था। जिसके बाद बालूमाथ थाना में कांड संख्या 219/22 धारा 379,411,414 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में बालूमाथ थाना एसआई नीतीश कुमार और शस्त्र बलों ने छापेमारी कर फरार चल रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया। वही ट्रक मालिक की तलाश की जा रही है।

### 95 आंगनवाड़ी केंद्र में राशन एवं गैस नहीं मिलने के अभाव में बंद होने के कगार पर

# आंगनवाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध नहीं करवाना यह बहुत बड़ी समस्या है: विश्वनाथ पासवान

- निजी खर्च से राशन खरीद कर बच्चों को खिचड़ी खिला रहे हैं सेविकाएं
- समस्याओं से परेशान होकर सेविकाओं ने 20 सूत्री अध्यक्ष व जिप सदस्य को मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता


मांग पत्र सौंपते सेविकाएं

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बीस सूत्री व जिप सदस्य प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को आंगनवाड़ी सेविका संघ मनिका के अध्यक्ष सविता उरांव की अध्यक्षता में, 95 आंगनवाड़ी केंद्र के सेविकाओं ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए राशन एवं गैस नहीं उपलब्ध करवाने पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान एवं जिप सदस्य बलवंत सिंह को मांग पत्र सौंपा है। आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं से अवगत करवाते हुए सेविकाओं ने बताया कि हम लोगों को सरकार द्वारा लगभग 10 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

**आंगनबाड़ी सेविकाएं अपने निजी खर्च से बच्चों को खिला रहे हैं खिचड़ी**

सबसे बड़ी समस्या है कि बच्चों को खिचड़ी खिलाने के लिए समय पर राशन उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है और ना ही खाना बनाने के लिए गैस मिल पा रहा है। जिस वजह से कई महीनों से अपने निजी खर्च से राशन खरीद कर बच्चों को खिचड़ी खिला रहे हैं। अगर आंगनवाड़ी केंद्रों को राशन एवं गैस उपलब्ध नहीं करवाई गई तो बहुत जल्द सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद हो सकती है। उक्त बातें आंगनबाड़ी सेविकाओं ने कही आगे यह भी बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केंद्रों में अभी तक खाना बनाने के लिए बर्तन भी नहीं दी गई है। जिसके कारण उन्हें बच्चों को खिचड़ी खिलाने के लिए काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सेविकाओं ने बताया कि इस विषय में एजीएम घुरा राम से भी बात की गई थी लेकिन उनके उदासीन रवैया से परेशान होकर प्रखंड बीस सूत्री व जिला परिषद सदस्य को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं से अवगत कराने का काम किया गया है। वहीं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने संज्ञान लेते हुए त्वरित इस विषय में एजीएम घुरा राम से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए आवंटन नहीं है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने इस विषय में जब डीएसओ बंधन लॉन्ग से बात की गई तो उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। मौके पर बीस सूत्री उपाध्याय नंदकिशोर यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह, महामंत्री गुड्डू सिंह, भाजपा सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, आंगनवाड़ी सेविका संघ सचिव कौशल्या देवी, कोषाध्यक्ष निकिता उरांव, संध्या देवी, सुभाजी देवी, तृप्ति कुमारी, पुष्पा देवी, चंद्रकांता देवी व अन्य मौजूद थें।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के कार्यकारिणी समिति का हुआ विस्तार, मुख्य संरक्षक बने विधायक वैद्यनाथ राम



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति लातेहार की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में कार्यकारिणी समिति का विस्तार किया गया और 30 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। समिति का मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मंडली में अभिनंदन प्रसाद, विनोद प्रसाद साहु, त्रिभुवन पांडेय, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, बद्री प्रसाद साहु, अमरेश प्रसाद गुप्ता, दशरथ प्रसाद, अनिल कुमार साहु, डा विशाल शर्मा, सुभाष प्रसाद, शशिभूषण जायसवाल, भोला प्रसाद को शामिल किया गया है. अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष कुमार टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य प्रमुख ओम प्रकाश प्रसाद, सह प्रमुख राजीव कुमार व उज्ज्वल साहु को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में राजीव कुमार कुक्कू, प्रदीप प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा, सतीष कुमार, आकाश कुमार जायसवाल, संतोष कुमार दुबे, संजय प्रसाद व पंकज कुमार को शामिल किया गया है। बैठक में मंदिर के 30 स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। जिसमें एक फरवरी को कलश यात्रा, दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को पूणाहुति व भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। बैठक में प्रभात रंजन तिवारी, रंजीत पांडेय, चंदन कुमार व महेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को समर्पित होगा: डीसी

**उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा कर दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



पदाधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनूपालन की समीक्षा कर सभी विकास मूलक योजनाओं को अपेक्षित गति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम द्वारा जिले के सभी प्रखंड में चल रहे क्रायकर्म की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। समीक्षा क्रम में उपायुक्त द्वारा पलाश मार्ट, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना, बागवानी सखी योजना, राइस मिल समेत अन्य कई योजनाओं की समीक्षा करते जेएसएलपीएस के डीपीएम को निर्देश किया गया कि जिले में संचालित सभी पलाश मार्ट को एक्टिव अवस्था में रखा जाए। तथा लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पलाश मार्ट के आउटपुट को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के माध्यम से क्रियान्वित सभी विकासमूलक योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण परियोजना , वनधन विकास केंद्र, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, जोहार योजना, पलाश मार्ट, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना, समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को समर्पित करने एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के प्रति लोगों को जागृत करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जेएसएलपीएस डीपीएम सचिन साहू समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## हाथियों के उत्पात से त्रस्त ग्रामीणो के बीच वन विभाग ने बांटा राहत सामग्री


राहत सामग्री का वितरण करते विभाग के अधिकारी व अन्य

**चंदवा।** प्रखंड के चकला पंचायत के हरैया पड़वा अंबाटांड़ अरंडीया टांड़ में हाथी के आतंक से त्रस्त ग्रामीणो से वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान वे पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। वन विभाग के द्वारा प्रत्येक पीड़ित परिवार को 20 केजी चावल, 5 किलो चूड़ा, दाल 5 किलो, आलू 5 किलो, सरसों तेल 2 किलो, गुड़ 2 किलो, नमक, मसाला एवं एक-एक कंबल परिवार को दिया। इस दौरान गांव में 10 परिवारों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। दस दौरान रेंजन ने बताया कि हाथी भगाने वाली टीम बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंगलोईया ग्राम तक खदेड़ने की बात कही है7 आज रात को ही पता चलेगा हाथी गांव से गया है अथवा नहीं, क्योंकि हाथियों का आक्रमण रात के समय ही होता है। राहत सामग्री बांटने वाले टीमें क्षेत्र पदाधिकारी के अलावे विरेंद्र कुमार, आलोक तिग्गा, सतीश पांडे, अनुराग पांडे, सुमित कुमार गुप्ता समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

### एक नजर में

## एकल विद्यालय के बच्चे खेल गांव रांची हुये रवाना



**लातेहार।** एकल विद्यालय के बच्चों को खेलने के लिए रांची खेलगांव शुक्रवार को रवाना किया गया। बच्चों को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्हें कहा कि जब भी कोई खेल खेलें खेल भावना से ही खेलें तभी आगे बढ़ पाएंगे। बच्चों को रवाना करते हुए कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है एकल विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को दुनिया देखेगी। मौके पर अभिनंदन प्रसाद, रमेश गुप्ता, संजय तिवारी, महेन्द्र प्रसाद, सांतोष पासवान इन्देश तिवारी समेत बच्चे मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन बालूमाथ ब्लॉक बड़ा बाबू राजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बिधवा पेंशन,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड सहित कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से वृद्धा पेंशन का आये हुए आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने कहा कि लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया था। प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मिंज, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बाईक चोर गिरोह के पांच सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ़्तार बाईक चोर गिरोह के सदस्य व बरामद बाईक

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का उद्‌भेदन करने में सफलता हांसिल की है। जहां सदर थाना क्षेत्र से बाईक चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में लातेहार पुलिस सफल रही है व चोरो के निशानदेही पर चोरी का दो बाईक भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि शहर में लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इन घटनाओं के उद्भेदन को लेकर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने छापेमारी के दौरान सूरज कुमार उर्फ नटुआ पिता कामेश्वर यादव (बानपुर, लातेहार) को पकड़ा। कडाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया व उसने अपने साथियों के नाम बताये। जिसके बाद चार और बाईक चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया।

**पूर्व में भी जेल जा चुके हैं नटुआ और अभिनव अंकुर**

इंस्पेक्टर चंद्र शेखर चौधरी ने बताया कि इनकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं कुरा गांव के बीच झाड़ी से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सूरज कुमार उर्फ नटुआ व अभिनव अंकुर सविता मनी का पूर्व से भी अपराधिक इतिहास रहा है। नटुआ के खिलाफ लातेहार सदर थाने में चार और अभिनव अंकुर के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

**अभियान में ये थे शामिल**

छापामारी दल में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो, गौरव कुमार सिंह, मोहम्मद शाहरुख, रोहित कुमार महतो, सअनि नागेश्वर महतो समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बालूमाथ मुखिया ने चलाया सफाई अभियान



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ और बाजार टांड में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वहां जमीन पर पड़े कचरे को ट्रैक्टर से फैकवा दिया गया। इसकी सूचना मुखिया नरेश लोहरा को मिलते ही उन्होंने प्राथमिकता से लेते हुए ट्रेक्टर के द्वारा दोनों जगह पर सफाई कराया। सफाई अभियान में सहयोग करने वालो में बबलू गुप्ता, संतोष सिन्हा, पंकज सिन्हा अन्य मौजूद थें।

## साइडिंग से अवैध रूप से कोयला ले जा रहे हैं 9 लोगों को किया गिरफ्तार

**बारियातू।** थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर बाईक से अवैध कोयला ले जा रहे नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिली थी की मोटर साईकिल वाले ने साइडिंग से मोटर साईकिल से कच्चा कोयला लौडिंग कर मोटरसाईकिल से कोयला परिवहन कर कोयला बिक्री करने के लिए ले जाते है। जिसके बाद पुलिस का एक टीम बनाकर इस तस्कर में जुड़े नौ लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस मे बताया की छपामारी दल टोटी हेसला मार्ग के सरहचवा मे नौ मोटरसाईकिल कोयला लेकर जाते जाते देखें गए। सभी को कोयले की कागजात सम्बंधित पूछ ताछ की गई तो किसी ने कागजात प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस ने सख़्ती से पूछ ताछ की तो कोयला ले जा रहे लोगों द्वारा बताया गया की अमवाडीह फूलबसिया साइडिंग से कोयला चोरी कर बिक्री करते हैं। जिसमे बिशुन उरांव पिता बुधु उरांव चेडरा, मुखलाल साव सुदर्शन साव पिता छकोड़ी साव फूलसु, रवि केशरी सुरेश प्रसाद फूलसु, अशोक साव पिता शंकर साव फूलसु, मोनू केशरी महावीर साव फूलसु, प्रकश साव पिता संकर साव,ग्राम फूलसु, पंकज लोहरा पिता कामेश्वर लोहरा अशोक लोहरा पिता कौलेश्वर लोहरा ग्राम रहेया सभी नौ अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


दिशा की बैठक में शामिल सांसद व अन्य अधिकारी

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में दिशा के चेयरमैन सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सांसद ने पूर्व की बैठक में बिजली, पानी, सड़क, पीएमजी आवास आदि मुद्दे को लेकर दिए गए प्रस्तावों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद ने मिशन अमृत सरोवर के तहत अब तक हो चुके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने संबंधित अधिकारियों से लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने हेतु उनकी कार्य योजना की जानकारी ली। बैठक में सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को प्रखंड स्तर पर जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत आपूर्ति, पुल निर्माण, नियमित जलापूर्ति, सर्व शिक्षा अभियान, राशन वितरण, स्वच्छ भारत मिशन, अवैध खनन पर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक, मनिका रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त भोर सिंह यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जनप्रतिनिधी, समेत अन्य सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## राजीव पांडेय बने त्रिपुरा विस चुनाव के ऑब्जर्वर



**झरिया ।** देश के विभिन्न राज्यों हो रहे चुनाव में कांग्रेस आलाकमान युवा नेताओं पर दांव लगाना शुरू किया । झरिया के युवा नेता राजीव पांडेय को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा प्रभारी डॉ अजॉय कुमार व सह प्रभारी जरिता लैतफलांग ने एनएसयूआई के कोईलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय को होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर उन्हें संतीरबाजार (36वा) विधानसभा का ऑब्जर्वर नियुक्त किया। ऑब्जर्वर बनाए जाने पर धनबाद जिला ओबीसी अध्यक्ष प्रीतम रवानी, वैभव सिन्हा, अशोक वर्णवाल, रत्नेश यादव राकेश मिश्रा, डॉ संतोष रॉय, रुदल पासवान आदि ने बधाई दी।

## ट्रक के धक्का से चार लोग घायल, बवाल

**जोड़ापोखर।** जोडापोखर थाना क्षेत्र के भागा रेलवे स्टेशन के समीप अनियंत्रित ट्रक संख्या जेएच 10 एजे 6534 रेलवे फाटक से टकरा गया. ट्रक की चपेट में आकर कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं. एक बाइक ट्रक में फंस गई. हादसे में चार लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने घायलों को समीप के निजी अस्पताल पहुंचाया. ट्रक चालक भाग निकला. स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक बाइक को धक्का मारते हुए ट्रैक में फंस गया, जिससे भागा-पुटकी पथ पूरी तरह जाम हो गया है. जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजदेव सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक में फंसे ट्रक को निकालने में लगे हुए है। आरपीएफ के जवान भी जाम हटाने में जुटे है।

## चिराबाद में जरुरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण

**गोमो।** शुक्रवार को गोमो,चिराबाद में यूथ फोर्स ने जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यूथ फोर्स के द्वारा जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है । यूथ फोर्स का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध हो। इस अवसर पर यूथ फोर्स गोमो मंडल अध्यक्ष कमलेश मंडल,प्रकाश नारायण मंडल, उमेश मंडल, सुभाष चन्द्र मंडल, अशोक कुमार दास, प्रिंस कुमार उपस्थित रहे।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के परसिया में दो मोटरसाइकिल न0 जेएच 10 एएस 0231 व जेएच 10 बीभी 9318 में टर्निंग काटने में जोड़दार टक्कर हुई ।जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल घायलों हुए ।वही धटना की सूचना पुटकी पुलिस की मिलने के बाद पुलिस ने दोनों धायलो को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमसीएच भेजा जहां इलाज के दौरान एक की हुई मौत। मृतक का नाम विशुनदेव प्रसाद वर्मा उम्र लगभग 75 वर्ष जो कि मूनीडीह डीएवी स्कूल रॉड काली मंदिर के समीप रहने वाले है। वही दूसरे घायल व्यक्ति भूली का रहने वाला बताया जा रहा है। इसका इलाज धनबाद के एसएनएमसीएच में चल रहा है पुलिस ने दोनों बाइक को जप्त कर थाने ले आई।

## इडी ने सड़क सुरक्षा रथ को किया रवाना

**बोकारो।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के तत्वावधान में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों के सीजीएमए अन्य वरीय अधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर श्री तिवारी ने सभी को सुरक्षा शपथ भी दिलाई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु आकर्षक बैनरों एवं होर्डिंग से सुसज्जीत सडक सुरक्षा रथ संयंत्र के विभिन्न विभागों से होकर प्रतिदिन गुजरेगा।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में परसबनिया से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त से स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि सेल कंपनी ने उसे और उसके तीन भाई को जमीन के बदले नौकरी दी थी। लेकिन अब कंपनी ने नौकरी से निकाल दिया है। साथ ही 16 महीनों से वेतन भी कंपनी ने नहीं दिया है। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम सुधारने, दिव्यांग कोटा में नौकरी दिलाने, पंजी टू में नाम दर्ज कराने, बरवाअड्डा से औरंगाबाद के लिए निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा नहीं मिलने, जमीन पर दबंग द्वारा जबरन कब्जा करने, बरमसिया में सरकारी नाला का अतिक्रमण करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।



## धनबाद के व्यवसायी शंभू अग्रवाल के 14 ठिकानों पर आइटी का छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बड़े व्यापारी शंभुनाथ अग्रवाल के 14 ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर विभाग की टीम ने दबिश दिया है । आयकर विभाग द्वारा शंभू अग्रवाल के 14 ठिकानों पर सर्वे शुरू कर दी गई है। धनबाद, पटना एवं कोलकाता की टीम सर्वे कर रही है। व्यवसायी शंभू अग्रवाल का कोयला, लोहा एवं सीमेंट का बड़ा कारोबार है। सर्वे में 60 अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं। बहुत दिनों बाद धनबाद में इतने बड़े पैमाने पर सर्वे हो रहा है. इसके अलावा मधुबन होटल, दो राइस मिल में भी टीम पहुंची है। यह कार्रवाई 12.30 बजे शुरू हुई है। बताते चले कि शिवशंभु ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड, शिवशंभु कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड, होटल मधुबन गोविंदपुर धनबाद, जय माता अंबे सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड, शंभु प्लाजा गोविंदपुर, श्री कल्याणी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, शिवशंभु स्टोन क्रशर, कोलकाता में ऑफिस और कई अन्य ठिकानों पर भी आयकर विभाग का सर्वे चल रही है। पटना और कोलकाता की टीम धनबाद के अधिकारियों की मदद कर रही है।

## निष्क्रिय सदस्यों की जगह अन्य को करें मनोनीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** भाजपा मुख्य कार्यालय सिन्दरी में शुक्रवार को भाजपा सिन्दरी नगर के सभी मोर्चा अध्यक्षों के साथ सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने मोर्चा को मजबूत करने पर आवश्यक बैठक आयोजित की। इसमें निष्क्रिय सदस्यों की जगह दूसरे सदस्य को मनोनित करने का निर्देश नगर अध्यक्ष ने दिया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि मोर्चा के सभी अध्यक्ष अपनी कार्यसमिति की बैठक उनकी उपस्थिति में यथाशीघ्र करें। बूथ की मजबूती से संगठन मजबूत होगा। बैठक में भाजपा के सिन्दरी नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुशांत महतो, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष नकुल सिंह, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष रविकांत शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप हाँड़ी आदि मौजूद थे।



### बीएसएल के सद्भावना उद्यान में पौधरोपण

**बोकारो।** सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस विभाग के कर्मियों द्वारा आंतरिक संसाधनों से विकसित सद्भावना उद्यान का उद्घाटन ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा सीजीएम अनिल कुमारए पी के बैसाखिया, आर धवन, एम पी सिंहए अरविन्द कुमार, राकेश कुमार, ए झा सहित विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## धनबाद : हाइवा ओनर्स एसो. ने मांगों को लेकर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को जिले के रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद जिला हाईवा ओनर एसोसिएशन के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बताते चलें कि यह धरना प्रदर्शन नरेश कुमार एंड कंपनी तथा टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिविजन के खिलाफ था। वही पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के लक्ष्मण साहब एवं मोहम्मद फिरोज ने बताया कि नरेश कुमार एंड कंपनी तथा टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा हम लोगों का शोषण किया जा रहा है समय पर पेमेंट नहीं किया जा रहा है हम लोग का 5 सूत्री मांग नरेश कुमार एंड कंपनी में रखी गई थी हम लोगों ने दिनांक 9 .11 .2022 को धरना के समय दिया था एवं दिनांक 22. 11. 2022 को वार्ता के लिए समय देकर वार्ता नहीं किय गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि अगर हमारी 5 सूत्री मांगों को नहीं माना गया तो हम लोग बाध्य होकर गाड़ियों का परिचालन पूर्ण रुप से बंद कर देंगे। जो अनिश्चितकाल तक बंद रहेगी। परिचालन बंद होने के उपरांत किसी प्रकार का नुकसान एवं जवाबदेही के लिए टाटा स्टील कंपनी एवं नरेश कुमार एंड कंपनी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

## भाजपा धनबाद महानगर की बैठक में विचार-विमर्श



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह जी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के पदाधिकारियों की एक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम संगठन को मजबूती और विस्तार के लिए नियमित प्रयास करते रहे और इस कार्य में हम लोग काफी हद तक सफल भी रहे। प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा दिए गए कार्य को हम सभी ने सफलतापूर्वक किया भी। बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर में काफी हद तक बनाने का कार्य हुआ। कुछ जगहों पर जहां नहीं हुआ वहां जिला के पदाधिकारी प्रवास करके उस कार्य को पूरा करें। संगठन के कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन का कार्य सर्वोपरि होता है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला पदाधिकारी मंडल में प्रवास करें। धनबाद जिला महानगर का संगठन बहुत मजबूत है। 2024 का चुनाव नजदीक है निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी धनबाद लोकसभा सीट भी जीतेगी और जिला महानगर में पडने वाले सभी 3 विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। बैठक में जिला महामंत्री श्रवण राय ,जिला उपाध्यक्ष संजय झा,मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, उमेश यादव, महेंद्र शर्मा, जिला मंत्री महेश पासवान, कंचन चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल, सह कोषाध्यक्ष रजनीश तिवारीआदि मौजूद थे।

## गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाशोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** सिखों के दसवें गुरु व खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के 356 वें प्रकाशोत्सव पर सिन्दरी गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर वृहत रुप से सजे गुरु ग्रंथ साहिब का ग्रंथी सरदार बलवीर सिंह द्वारा चल रहा सहज पाठ का भी समापन व धनबाद से आए हजूरी रागी सरदार देवेंद्र सिंह व स्थानीय जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन संपन्न हुआ। सिन्दरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ स्मृति नागी ने गुरु पर्व की बधाई देते हुए बताया कि प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा भव्य रुप से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चल रहे सहज पाठ का समापन सुबह आठ बजे संपन्न हुआ। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए सिख समुदाय के सिन्दरी में रह रहे लगभग तीस परिवार सहित चासनाला व डिगवाडीह से भी जत्था शामिल हुए हैं। अन्य वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के भव्य इतिहास की जानकारी दी। प्रकाश पर्व में मोहन सिंह, जगदीश्वर सिंह, ओंकार सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, बलवीर सिंह नागी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, जगदेव सिंह, कुलबीर सिंह, हरदीप सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, इंदरजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, बलवीर सिंह, दविंदर कौर, जसपाल कौर, शरणजीत कौर, सुरेंद्र कौर, हरदेव कौर, रीता कौर, हरभजन कौर, हिना उप्पल मौजूद थे।

## आग से बचाव के लिए बच्चों ने किया मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** आग से बचाव को लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में हर्ल सिन्दरी के फायर स्टेशन के द्वारा बच्चों से मॉकड्रिल कराया गया और सुरक्षा संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई। शुक्रवार को इस मॉकड्रिल की जानकारी से धूम्रपान पर प्रतिबंध व आग से बेअसर विद्युत उपकरणों के इस्तेमाल से परिवार और समाज को जागरूक करने में बच्चों को सहायता मिलेगी। फायर स्टेशन सिंदरी के प्रभारी सुमंत कुमार सिंह व टीम के सदस्य मो फरीद, दिनेश गुप्ता व खेलराम हाँसदा ने डीएवी स्कूल सिन्दरी के सिनियर विंग के बगल के मैदान में बच्चों को आग लगने पर किए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि ज्वलनशील सामग्रियों को आग के श्रोत से दूर रखें। तेल या गैस के रिसाव को तुरंत रोकें। बच्चों को फायर इस्टिंग्यूसर के इस्तेमाल की प्रक्रिया की बखूबी जानकारी दी गई। उन्होंने लैब में इस्तेमाल होनेवाले एक दूसरे से प्रतिक्रिया करनेवाले रसायनों को अलग रखने की भी जानकारी बच्चों को दी। ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण स्थल और प्रयोगस्थल पर हवा के आने जाने की संपूर्ण व्यवस्था पर जोर दिया।

# तिलकुट की सोंधी खुशबू से महका झरिया कोयलांचल

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** मकर संक्रांति का पर्व लगभग करीब आ रहा है बाजारों में गुड़, तिल और तिलकुट की सौंधी खुशबू भी बढ़ती जा रही है. हर तरफ सड़क किनारे तिलकुट, लाई, चूड़ा और तिल की दुकानें सज गई हैं. देश की कोयला राजधानी धनबाद के झरिया शहर मे भी मकर संक्रांति पर्व मे विशेष रूप में तिलकुट की एक अलग पहचान है। हम सभी तिलकुट का स्वाद चखने के लिए बेताब रहते हैं। इस बार झरिया के बाजारों में गुड़ 40 से 50 रुपए प्रति किलो चूड़ा 30 से 60 रुपए प्रति किलो वही तिलकुट 200 से 250 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। देखा जाए तो प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर गुड़, चूड़ा तिल और तिलकुट से जुड़े व्यसाय वर्ग को अच्छी आमदनी हो जाती है लेकिन पिछले दो साल से कोरोना महामारी ने इनका व्यसाय ठप कर दिया। इस बार भी इन्हें ग्राहकों से काफी उम्मीदें थी लेकिन भगवान ने भी इनका साथ देना मुनासिब नहीं समझा पिछले दो दिनों से खराब मौसम के साथ लगातार हो रही बारिश से अब व्यसाइयो को भय सता रहा कि आखिर जो जमा पूंजी गुड़, तिल और तिलकुट के धंदे मे लगाई है उसे किस प्रकार निकाली जाए।

### क्या कहते है दुकानदार

तिलकुट व्यवसायी आशीष सेठ ने बताया कि सीजन का धंधा है यही सोच कर पूंजी लगाया हु। फुटपाथों पर दुकान लगाए राजेश कुमार ने बताया कि कोरोना के बाद इस तरह की बारिश से व्यपार पूरा ठप हो गया है पूंजी निकलने पर भी आफत हो रही है। वही दुकानदार विजय साव का कहना है कि पहले बाजार अच्छा था दो सालों से कोरोना के कारण लोकडाउन था।

## बोकारो की खबरें

## सीएम हेमंत सोरेन ने बेस्ट कैडेटों को किया सम्मानित

**बोकारो।** झारखंड पुलिस के विभिन्न ट्रेनिंग संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य की सेवा के लिए योगदान देने जा रहे 1892 जवानों में कुल 630 महिला आरक्षी अपने सहकर्मी पुरुष आरक्षियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देने जा रहीं है। पुलिस विभाग में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी महिला सशक्तिकरण की मिसाल है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सशस्त्र पुलिस चतुर्थ वाहिनी के प्रांगण में आयोजित पारण परेड समारोह समारोह में कही। इस मौके पर सीएम ने जवानों को सम्मानित भी किया।

### बोकारो में सम्मानित होने वाले बेस्ट कैडेट



ओवरऑल अर्चना कुमारीई बेस्ट कैडेट -इंडोर, भीमराज विश्वकर्मा (बेस्ट कैडेट आउटडोर), विक्रम कुमार तिवारी और बेस्ट कैडेट (शूटिंग) मंजू कुमारी को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा ट्रेनिंग इनचार्ज पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार महतो भी सम्मानित किये गये। सीएम ने जैप-4 परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही परिसर हेतु आरओ प्लांट का उदघाटन किया। समारोह में गोमिया विधायक लंबोदर महतोए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, डीजीपी नीरज सिन्हा, सीएम के निजी सचिव विनय कुमार चौबे, एडीजीपी प्रशांत सिंह, डीजीपी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, आईजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, बोकारो एसपी चंदन कुमार झा, जैप-4 के समादेष्टा अश्विनी कुमार, अन्य पदाधिकारी व प्रशिक्षु जवान एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

एक नजर में

## मेयर प्रत्याशी विशाल बाल्मीकि ने विजेता और उप विजेता टीम को किया सम्मानित



**तेतुलमारी।** शुक्रवार को तेतुलमारी पीएसटी ग्राउंड में तेतुलमारी प्रीमियर लीग सीजन वन का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा सोरेन सेना केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सह धनबाद नगर निगम भावी मेयर प्रत्याशी विशाल बाल्मीकि मौजूद रहे। उन्होंने बिजेता टीम पीभीआर पैंथर को कप देकर सम्मानित किया ।और साथ मे 25000 रुपए का चेक विजेता टीम को दिए। उपबिजेता बड्र्स 11 टीम को 11000 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दीपेश कुमार छोटू सिंह शुभम सिंह सागर पासवान शाहनवाज खान सोनू मुंडा लोग मौजूद रहे।

## महुदा में श्रमदान से बन रही सड़क का निरीक्षण

**महुदा।** शुक्रवार को झारखण्ड बाल संरक्षण आयोग का प्रतिनिधि मण्डल नीचे देवघरा में बन रहे श्रमदान के तहत सड़क का निरिक्षण करने पहुँचे । विदित हो कि आये दिन रेल के पटरी से स्कूल जा रहे बच्चो का समाचार चल रहा था, उसी का संज्ञान लेकर आयोग का एक दल नीचे देवघरा पहुँचा, जिसमे आयोग के सदस्यों ने मार्ग बनाने के लिए दूरभाष पर डीआरएम आद्रा से रेल एसपी आदि से बात किये तथा अश्वासन दिये कि जल्द इसमें सकारात्मक पहल होगा, आयोग के सदस्यों में सुनील कुमार वर्मा एवं अन्य थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में तीन से छह वर्ष के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**बेरमो/जारंगडीह।** शुक्रवार को जारंगडीह उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 21 मे गर्म पोशाक के रूप में स्वेटर का वितरण किया गया ।बाल विकास विभाग के सौजन्य से 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के लगभग 25 बच्चों के बीच 50 स्वेटर का वितरण में उत्तरी पंचायत की मुखिया फिरोज खातून सेविका शक्ति कुमारी अन्य संयुक्त रूप से शामिल थे ।आंगनबाड़ी में एक बच्चे को दो दो स्वेटर दिया गया। मौके पर सेविका शक्ति कुमारी ने कहा कि कड़ाके की बढ़ती ठंड शीतलहर से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया है। ताकि आने जाने में बच्चों को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और समय पर बच्चें अपने आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा प्राप्त के लिए उपस्थित हो सके।

## एनएसईजेएस में डीपीएस के आदित्य ने मारी बाजी



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के नौवीं कक्षा के छात्र आदित्य मिश्रा ने आईएपीटी द्वारा आयोजित एनएसईजेएस. 2022 में देशभर के कुल 168 परीक्षार्थियों के बीच झारखंड से अकेले सफलता पाई है। अब आगामी 28 जनवरी को होने वाले आईजेएसओ की परीक्षा में शामिल होगा। उसने बेस्ट ओलंपियाड विनर का पुरस्कार, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता छात्रवृत्ति एवं मैथ्स ओलंपियाड में स्टेट रैंक. 2 व साइबर ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक.2 हासिल किया था ।अपने विद्यालय के छात्र की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे शुभकामनाएं दीं और कहा कि डीपीएस बोकारो शुरू से ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उनके समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है।

## पेज तीन का शेष

**सभी संसदीय सीटों को साधने का ...**

भाजपा के एक बड़े नेता ने बताया कि पलामू प्रमंडल में लोकसभा की दो सीटें पलामू और चतरा है। 2019 में यह भाजपा की सीटिंग सीट थी और दोनों पर भाजपा ने ही कब्जा जमाया था, लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत है। प्रमंडल में पार्टी के अंदर असंतोष और गुटबाजी शुरू हो गई है। इसी को लेकर प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी 7 से 10 जनवरी तक पलामू में संगठन का न सिर्फ नब्ज टटोलेंगे, बल्कि सभी के एक मंच पर लाने का भी प्रयास करेंगे। श्री बाजपेयी 7 को लातेहार, 8 को पलामू, 9 को गढ़वा और 10 जनवरी को चतरा में वे पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला और मंडल अध्यक्षों के अलावा पार्टी के पुराने नेताओं और कार्यकताओं से मिलकर प्रदेश की राजनीति पर असंतुष्ट पहलुओं पर बातचीत कर हल निकालने का प्रयास करेंगे।

**सूखे का आकलन ...**

इस दौरान राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय टीम के समक्ष सूखा राहत सहायता मद में 9000 करोड़ की मांग रखेगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने तत्काल 3500 रुपए प्रति किसान परिवार सहायता राशि राज्य की ओर से मुहैया कराना शुरू कर दिया है। अनुमान के मुताबिक करीब 30 लाख से अधिक किसान परिवार सूखा से प्रभावित हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सहायता राशि मद में 1200 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है।

**राज्य के 33 हजार वकील ...**

उधर, महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट गये और सरकार की ओर से कई मामलों में पैरवी की। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय गलत और अवैध है। इसे देखते हुए उन्होंने मामलों में पैरवी करने का निर्णय लिया। सरकार के अधिवक्ताओं ने अपने मामलों में अदालत में पैरवी की। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार से अधिवक्ता अदालती कार्यों से दूर हैं। पार्किंग स्थल पर काफी व्यस्त रहनेवाले अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अन्य चाय की चुस्की लेते दिखे।

**बैंक में घुस कर मैनेजर को मारा चाकू ...**

फिरोज के खाते से लगातार पैसे कट रहे थे, जिससे वह काफी नाराज था। इसे ले कर अक्सर आकर बैंक में विवाद किया करता था। शुक्रवार को भी फिरोज अपने खाते से कट रहे पैसे को लेकर बैंक पहुंचा था। बैंक में उसका वहां के कर्मचारियों से विवाद हो गया। इसी बीच बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकुर मौके पर पहुंचे उनसे भी फिरोज का काफी विवाद हुआ। जिसके बाद अचानक फिरोज ने अपने पॉकेट में रखे चाकू को बाहर निकाल लिया और अंकुर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। बैंक मैनेजर के ऊपर जानलेवा हमले से बैंक में खलबली मच गयी। कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। वही चाकू लगने से घायल अंकुर जमीन पर गिर पड़े। इधर मौके का फायदा उठाकर आरोपी फिरोज बैंक से फरार हो गया।

**अस्पताल में करवाया गया भती ...**

बैंक के दूसरे कर्मचारियों के द्वारा आनन-फानन में लोअर बाजार और खादगढ़ा टीओपी को मामले की सूचना दी गई, वहीं घायल बैंक मैनेजर अंकुर को एंबुलेंस से तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार अंकुर के शरीर पर चाकू के कई गहरे जख्म के निशान हैं। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# 44 न्यायाधीशों के नामों की तीन दिनों के भीतर होगी पुष्टि

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिया आश्वासन, समय सीमा का करेंगे पालन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह समयसीमा का पालन करेगी और न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएगी, जबकि शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र द्वारा बार-बार नामों को वापस भेजना चिंता का विषय है।

केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा भेजी गई कुछ हालिया सिफारिशों पर कार्रवाई की जा रही है। कॉलेजियम द्वारा भेजी गई 44 सिफारिशों (न्यायाधीशों के नाम) पर विचार किया जा रहा है जाएगा। शनिवार या इस सप्ताह के अंत तक स्थिति साफ हो जाएगी। एजी ने जोर देकर कहा कि उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी देने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा 104 सिफारिशें भेजी गई हैं, इनमें से 44 को मंजूरी दी जाएगी।

### केंद्र द्वारा दोहराए गये नामों को वापस भेजना चिंता का विषय : कोर्ट

पीठ, जिसमें जस्टिस अभय एस. ओका भी शामिल हैं, ने एजी से उन पांच नामों के बारे में पूछा, जिनकी सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले साल दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए सिफारिश की थी। एजी ने जवाब दिया, क्या आप इसे थोड़ी देर के लिए टाल देंगे? मेरे पास कुछ इनपुट हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे यहां इस पर चर्चा करनी चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने तबादलों के मामलों पर सरकार के बैठे रहने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि क्या कोई तीसरा पक्ष इसे प्रभावित कर रहा है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि स्थानांतरण के लिए दस सिफारिशें की गई हैं और ये सितंबर और नवंबर के अंत में की गई हैं। पीठ ने कहा, इसमें सरकार की बहुत सीमित भूमिका है। उन्हें लंबित रखने से बहुत गलत संकेत जाता है। यह कॉलेजियम को अस्वीकार्य है। पीठ ने यह भी बताया कि 22 नाम (न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए) केंद्र द्वारा हाल ही में लौटाए गए थे, और उनमें से कुछ नामों को कॉलेजियम द्वारा दोबारा भेजा गया था। कॉलेजियम ने कुछ नामों को तीन बार भेजा, इसके बावजूद केंद्र ने उन्हें वापस कर दिया। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा 20 नाम वापस भेजे गए हैं और कुछ नाम ऐसे हैं, जिन पर केंद्र को लगता है कि हमें विचार करना चाहिए। पीठ ने कहा, केंद्र द्वारा दोहराए गए नामों को वापस भेजना चिंता का विषय है। सरकार को आशंका हो सकती है, लेकिन नामों को रोक कर नहीं रखा जा सकता है कि हम दोहराएंगे। इसमें कहा गया है कि एक बार जब कॉलेजियम दोहराता है तो नियुक्ति को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने में देरी के कारण उम्मीदवार न्यायाधीश पद के लिए अपनी सहमति वापस ले लेते हैं या सहमति नहीं देते हैं। इससे मेधावी वकील न्यायाधीश पद के लिए अपनी सहमति नहीं देते। शीर्ष अदालत ने मामले को फरवरी के पहले सप्ताह के लिए निर्धारित किया।

अदालत अधिवक्ता पई अमित के माध्यम से द एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए निर्धारित समय सीमा के संबंध में शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन नहीं किया है।

## स्पीड न्यूज

### वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाले तीन नाबालिग गिरफ्तार



पटना। किशनगंज जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव करने मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मंगलवार को जिले के निमलागांव के समीप वंदे भारत एक्प्रेस के कोच संख्या-सी-6 पर पत्थर मारने मामलें में तीन नाबालिगों का पकड़ा है।उन्होंने बताया कि इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों द्वारा पांच जनवरी को पुलिस को दी गई थी। किशनगंज के पोठिया थाना में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई और मामले की छानबीन शुरू हुई। जांच के दौरान तीन लोगों को पकड़ा गया, सभी की उम्र 13 से 15 वर्ष है। ये सभी पोठिया थाने क्षेत्र के इलाके रहने वाले हैं।

### सोनिया की सेहत में हो रहा है सुधार

**नयी दिल्ली।** वायरल श्वसन संक्रमण के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की सेहत में सुधार हो रहा है। अस्पताल ने यह जानकारी दी है। सर गंगाराम अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ह्यह्यवायरल श्वसन संक्रमण के बाद भर्ती कराईं गईं सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार भी हो रहा है।

### कंझावला मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** राजधानी के कंझावला मामले में पुलिस ने छठे आरोपी आशुतोष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशुतोष के तौर पर की है। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा व्यक्ति है। इससे पहले इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो पुलिस हिरासत में हैं।
विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि उसने पुलिस को गलत जानकारी दी थी। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों ने कथित तौर पर आशुतोष से कार ली थी।

### कोलकाता में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

कोलकाता ।कोलकाता पुलिस ने ब्रिटेन के लोगों से फर्जी कॉल सेंटर के जरिए ठगी करने वाले जालसाजों के एक गिरोह का भंडाफोड करने के बाद शुक्रवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया।कोलकाता पुलिस शिकायत मिलने पर तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने बुधवार शाम को लेदर कॉम्प्लेक्स थाना अंतर्गत कोच पुकुर में अवैध रूप से चलने वाले कॉल सेंटर पर छापा मारा और 16 संदिग्धों को गिरफ्तार करने के बाद आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

### संजय राउत के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



मुंबई। मानहानि मामले में एक अदालत ने शुक्रवार को शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। सेवरी मेट्रोपोलियन मजिस्ट्रेट की तरफ से ये वारंट जारी किया गया है। कोर्ट ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया और फिर सुनवाई 24 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। मेधा सोमैया ने यह दावा करते हुए कोर्ट का रूख किया था कि संजय राउत ने निराधार आरोप लगाया था कि वे और उनके पति मीरा भायंदर इलाके में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण और रख-रखाव से संबंधित 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल थे।

## टीम भावना को मजबूत करने का शानदार मंच है मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की । उन्होंने कहा कि भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए टीम भावना को मजबूत करने का यह एक शानदार मंच है। मोदी ने एक ट्वीट में इस बैठक से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की। मुख्य सचिवों के इस राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत पांच जनवरी को हुई थी। मुख्य सचिवों का इस तरह का पहला सम्मेलन जून 2022 को धर्मशाला में हुआ था।पीएमओ ने कहा कि यह सम्मेलन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी में गति लाने के लिए एक और पहल है। तीन दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय विषय राज्यों की साझेदारी के साथ तेज और सतत आर्थिक विकास हासिल करना है। बता दें सम्मेलन में केंद्र सरकार, मुख्य सचिव और केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य सीनियर अधिकारी और विषयगत विशेषज्ञों को मिलाकर 200 से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं। पीएमओं के अनुसार सम्मेलन विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक कार्रवाई की भूमिका तैयार करेगा, जिसमें रोजगार सृजन तथा समावेशी मानव विकास की वृद्धि पर जोर दिया जाएगा।

# प्रयागराज में माघ मेला शुरू


## हाड़ कंपाती ठंड में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी संगम में डुबकी

▸▸ श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए इस वर्ष 14 घाट बनाये गये

एजेंसी



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुक्रवार से महीने भर तक चलने वाला माघ मेला शुरू हो गया। सर्व सिद्धि योग में सुबह चार बजे से लोगों ने संगम में स्नान करना शुरू कर दिया और शाम पांच बजे तक करीब 5.10 लाख लोगों ने गंगा-यमुना के पवित्र संगम में डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, माघ मेले में बनाए गए 14 स्नान घाटों पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का स्नान शुरू हो गया और शाम पांच बजे तक लगभग 5.10 लाख लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए इस वर्ष 14 घाट बनाए गए हैं जिनकी कुल लंबाई 6,000 फुट से अधिक है। भीड़ प्रबंधन के लिए आईसीसीसी में लगे स्क्रीन के पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। सभी नाविकों को जीवनरक्षक जैकेट दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन के लिए गंगा नदी पर पांच पंटून पुल बनाए गए हैं और प्रथम स्नान पर्व पर आधी रात से ही मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि पौष पूर्णिमा के साथ यहां महीने भर चलने वाला कल्पवास शुरू हो गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई और पूरी स्नान अवधि में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। माघ मेले का अगला स्नान पर्व 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर पड़ेगा। इसके बाद 21 जनवरी को मौनी अमावस्या, 26 जनवरी को बसंत पंचमी, पांच फरवरी को माघी पूर्णिमा और 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ माघ मेला संपन्न होगा।



## 2022-23 में देश की जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 1.6 प्रतिशत रह सकता है जबकि 2021-22 में इसमें 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2021-22 में 11.5 प्रतिशत थी। एनएसओ के अनुसार स्थिर मूल्य (2011-12) पर देश की जीडीपी 2022-23 में 157.60 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। वर्ष 2021-22 के लिये 31 मई, 2022 को जारी अस्थायी अनुमान में जीडीपी के 147.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। वास्तविक यानी स्थिर मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 8.7 प्रतिशत थी। जीडीपी देश की सीमा में निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। एनएसओ का यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने के अनुमान से अधिक है। वर्तमान मूल्य पर जीडीपी 2022-23 में 273.08 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जबकि 2021-22 के लिये अस्थायी अनुमान में इसके 236.65 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना जतायी गयी थी। इस प्रकार, वर्तमान मूल्य पर जीडीपी (नॉमिनल जीडीपी) में वृद्धि दर 2022-23 में 15.4 प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 19.5 प्रतिशत थी। अग्रिम अनुमान के अनुसार कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है जो पिछले वित्त वर्ष के तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 13.7 प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 11.1 प्रतिशत थी।

## रीवा में प्रशिक्षु विमान क्रैश पटना के पायलट की मौत

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र के उमरी गांव के समीप प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पायलट की मौत हो गई, जबकि प्रशिक्षु पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज किया जा रहा है। विमान में पायलट समेत दो लोग सवार थे।पुलिस के अनुसार विमान ट्रेनिंग देनेवाली एक निजी कंपनी का है। गुरुवार देर रात विमान चोरहट्टा हवाई अड्डा से उड़ान भरन के बाद काफी देर तक हवाई पट्टी के ऊपर चक्कर लगा रहा था। इसके बाद विमान उतरने का प्रयास किया, तभी उमरी गांव के समीप विमान बिजली के तारों में उलझते हुए मंदिर के गुंबद से टकराक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में सवार पायलट विमल कुमार पटना निवासी और सोनू यादव निवासी जयपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को संजय गांधी स्मृति अस्पताल में लाया गया, जहां पायलट की मौत हो गई। वहीं घायल प्रशिक्षु सोनू यादव की हालत सामान्य बताई जा रही है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि कोहरे के चलते पायलट को सामने कुछ नजर नहीं आ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# रुपये में व्यापार के लिए केंद्रीय बैंक की दक्षिण एशियाई देशों से चल रही है बात

एजेंसी

▸▸ डिजिटल रुपये की पेशकश को लेकर आरबीआइ बहुत ही सतर्कता से आगे बढ़ रहा है : शक्तिकांत दास



**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पार व्यापार के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय बैंक की दक्षिण एशियाई देशो से बातचीत चल रही है। गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) परीक्ष चरण में है और आरबीआई डिजिटल रुपये की पेशकश को लेकर बहुत सतर्कता और ध्यानपूर्वक आगे बढ़ रहा है। थोक डिजिटल रुपये के लिए आरबीआइ की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की पायलट परियोजना की सफल शुरूआत के बाद पिछले एक दिसंबर को उसने खुदरा सीबीडीसी की पायलट परियोजना शुरू की थी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने किया 2022-23 के लिए वैश्विक व्यापार दृष्टिकोण के साथ, दक्षिण एशियाई क्षेत्र में व्यापक अंतर क्षेत्रीय व्यापार से वृद्धि और रोजगार के लिए अवसर बढ़ेंगे। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक के स्तर पर सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम है साझा लक्ष्यों और चुनौतियों पर एक दूसरे से सीख लेना है। सीमा पार व्यापार में रुपये को बढ़ावा देना और सीबीडीसी जिसकी दिशा में आरबीआई ने पहले आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, इन क्षेत्रों में भी सहयोग को और बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने कोराना, मुद्रास्फीति, वित्तीय बाजार में सख्ती और रूस-यूक्रेन युद्व से उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए जो छह नीतिगत प्राथमिकताएं है उन्हें रेखांकित किया। उन्होंने कोविड, मुद्रास्फीति, वित्तीय बाजार में सख्ती और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए जो छह नीतिगत प्राथमिकताएं हैं उन्हें रेखांकित किया।

### आरबीआइ 8-8 हजार करोड़ के हरित बांड जारी करेगा

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पहला सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) दो चरणों में जारी किया जाएगा। पच्चीस जनवरी और नौ फरवरी को जारी होने वाले ये बॉन्ड 8,000-8,000 करोड़ रुपये के होंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस निर्गम से मिली राशि को सार्वजनिक क्षेत्र की ऐसी परियोजनाओं में लगाया जाएगा, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद करती हैं।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला गुजारा भत्ता की हकदार : कोर्ट

एजेंसी

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें भत्ता के लिए निर्धारित समय-सीमा तय थी


**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से तब तक भरण पोषण की हकदार है, जब तक कि वह दूसरी शादी नहीं कर लेती।

हाईकोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें गुजारा भत्ता के भुगतान के लिए एक निर्धारित समय-सीमा तय की गई थी। न्यायामूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की पीठ एक मुस्लिम महिला जाहिदा खातून से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसके पति नरूल हक ने 11 साल शादी के बाद 2000 में उसे तलाक दे दिया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल 15 सितंबर को गाजीपुर परिवार अदालत के प्रधान न्यायाधीश के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता जाहिदा खातून केवल इद्दत की अवधि के लिए गुजारा भत्ता की हकदार थी, जिसे तलाक की तारीख से तीन महीने और 13 दिनों के रूप में पारिभाषित किया गया था। अदालत ने कहा कि हमने यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं कि प्रधान न्यायाधीश, गाजीपुर ने कानून की एक त्रुटि की है कि अपील केवल इद्दत की अवधि के लिए रख रखाव का हकदार है। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने डेनियलय लतीफी और अन्य बनाम भारत संघ (2001) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत समझा, जो यह कहता है कि एक मुस्लिम पति तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए उचित प्रावधान के लिए उत्तरदायी है।

# सन्नी व रणबीर की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और रणबीर कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती हैं।सन्नी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर एक प्रेमकथा का सीक्वल गदर 2 लेकर आ रहे हैं। अनिल शर्मा निर्देशित यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। वहीं, रणबीर कपूर की एनिमल भी इसी दिन रिलीज हो रही है।एनिमल में बॉबी देओल भी लोड रोल में है। इसी तरह सन्नी और बॉबी दोनों भाई के बीच भी क्लैश देखने को मिलेगा।बताया जा रहा है कि गदर 2 फिल्म इसी साल 11 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। गदर 2 में में सनी के साथ अमीषा पटेल लीड रोल में है। वहीं संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं।





# विश्वकप में विराट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : श्रीकांत

**कोलकाता।** 1983 विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है कि अगले साल होने वाले विश्वकप में विराट कोहली की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। एक बेहतरीन बल्लेबाज के साथ साथ कोहली अन्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेंगे। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट का महाकुंभ पर बोलते हुए श्रीकांत ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में 1983 विश्व कप जीतना और फिर 2011 विश्व कप में एक टीम के चयनकर्ताओं का अध्यक्ष बनना एक ऐसी कहानी है जिसे मैं अपने पोते-पोतियों को बता सकता हूं, यह बेहतरीन अहसास था। 2011 विश्वकप में गौतम गंभीर ने शानदार बल्लेबाजी करने के साथ अन्य बल्लेबाजों को भी प्रोत्साहित किया। मुझे उन पर गर्व है। मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि विराट कोहली हमें 2023 विश्व कप में वहीं वीरता दिखाएंगे। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों को अपना खेल खेलने की आजादी दी जानी चाहिये। ईशान किशन को ही देख लीजिए, वह किस तरह गेंद को हिट करते हैं। उन्होंने हाल ही में दोहरा शतक भी जड़ा है। बस इन खिलाड़ियों को वहां जाने और अपना खेल खेलने के लिए कहें, उन्हें प्रतिबंधित न करें। इशान किशन की तरह, आपको दो या तीन और खिलाड़ियों की जरूरत है जो खुद को भिव्यक्त करने से डरते नहीं हैं। टीम में खिलाड़ियों का संयोजन के बारे में श्रीकांत ने कहा ह्व जिस तरह गौतम गंभीर ने अतीत में एंकर की प्रमुख भूमिका निभाई है, उसी तरह इस बार विराट कोहली उस भूमिका को निभाएंगे। वह ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों की मदद करेंगे, जैसे उन्होंने किशन के दोहरा शतक लगाने पर शतक बनाया था। यह सब स्वतंत्रता के बारे में है, अपने खिलाड़ियों को स्वतंत्रता देना, आप जो चाहते हैं वह करें, अपना खेल खेलें भले ही आप आउट हो जाएं, यही दृष्टिकोण टीम का होना चाहिए। ह्व



एक बेहतरीन बल्लेबाज के साथ साथ कोहली अन्य खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने में मदद करेंगे

विश्वकप के लिये भारतीय एकादश के बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुये उन्होने कहा ह्व दो खिलाड़ी मेरी सूची में नहीं होंगे,

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !